धनबाद, सोमवार
08 जून 2026
वर्ष : 03 अंक : 248
पृष्ठ : 08
मूल्य: 3 /-
E-Mail:-truthpath941@gmail.com

हिन्दी दैनिक समाचार

# ट्रूथ पथ



## ब्रीफ न्यूज

### विपक्षी गठबंधन की बैठक में 23 दल होंगे शामिल, 8 जून को नई दिल्ली में बैठक

नई दिल्ली, (एजेंसी) : कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि विपक्षी इंडी गठबंधन की 8 जून को नई दिल्ली में होने वाली बैठक में 23 राजनीतिक दलों ने भाग लेने की पुष्टि की है। यह बैठक दोपहर 12 बजे कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित की जाएगी।

जयराम रमेश ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि इंडी गठबंधन (इंडिया जनबंधन) के कुछ दल अलग-अलग कारणों से इस विशेष बैठक में शामिल होने में असमर्थता जता चुके हैं। हालांकि, उन्होंने भी केंद्र सरकार की उन नीतियों और कार्रवाइयों का विरोध किया है, जो लाखों भारतीयों के मताधिकार को प्रभावित कर रही हैं, संविधान पर हमला कर रही हैं और जांच एजेंसियों के माध्यम से विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों से करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है। लगातार बढ़ती महंगाई घरेलू बजट पर असर डाल रही है। साथ ही युवाओं की उम्मीदों और आकांक्षाओं के साथ विश्वासघात हो रहा है।

### मालवीय नगर अग्निकांड में एक और मौत, मृतकों की संख्या बढ़कर 22 हुई

नई दिल्ली, , (एजेंसी) : दक्षिणी दिल्ली के हौज रानी स्थित मालवीय नगर अग्निकांड में झुलसे एक और व्यक्ति की इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। इसके साथ ही इस दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है। मृतक नाइजीरियाई नागरिक न्दुबुइसी फर्डिनेंड ओकेले था, जो घटना के बाद से अस्पताल में भर्ती था और उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी।

दक्षिणी जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने बताया कि नाइजीरियाई नागरिक ने शनिवार देर रात उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वह मालवीय नगर स्थित फ्लोरिश स्टेज बीएंडबी में तीन जून को लगी भीषण आग में गंभीर रूप से झुलस गया था। घटना के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों की टीम लगातार उसका उपचार कर रही थी।

### राहुल गांधी ने सार्थक को बताया सीबीआई से भी तेज

नई दिल्ली,(एजेंसी) : कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सीबीएसई की मूल्यांकन प्रणाली में खामियों को उजागर करने वाले छात्र सार्थक सिद्धांत की जमकर सराहना की है। राहुल गांधी ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर छात्र के साथ हुई मुलाकात का वीडियो साझा करते हुए इसे युवाओं की बड़ी जीत बताया।

रांची निवासी 18 वर्षीय सार्थक सिद्धांत ने सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली और उससे जुड़ी टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की ओर ध्यान आकर्षित किया था। बारहवीं कक्षा की परीक्षा में अपेक्षा से कम अंक मिलने के बाद उन्होंने अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की पुनर्समीक्षा कराई और कथित त्रुटियों को सार्वजनिक किया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश का एक युवा छात्र उन तथ्यों को सामने लाने में सफल रहा, जिन्हें जांच एजेंसियां भी नहीं खोज सकीं। उन्होंने इसे युवाओं की जागरूकता और संघर्ष का उदाहरण बताया। सार्थक इससे पहले सीबीएसई में सुधार संबंधी सुझावों पर संसद की स्थायी समिति के समक्ष विस्तृत प्रस्तुति भी दे चुके हैं।

# मप्र से राज्यसभा की तीसरी सीट को लेकर सस्पेंस, भाजपा अध्यक्ष का इंकार

भोपाल, (एजेंसी) : मध्य प्रदेश से राज्यसभा की रिक्त होने वाले तीन सीटों की पूर्ति के लिए द्विवार्षिक निर्वाचन को लेकर सियासी उठापटक जारी है। मप्र विधानसभा में विधायकों की संख्या के हिसाब से राज्यसभा की दो सीटों पर भाजपा और एक सीट पर कांग्रेस की जीत तय है, लेकिन मुख्यमंत्री के संकेतों में भाजपा की नजर तीसरी सीट पर भी है जबकि भाजपा अध्यक्ष इंकार कर रहे हैं। इससे सियासी गलियारों में नया सस्पेंस खड़ा हो गया है।दरअसल, मध्य प्रदेश विधानसभा में वर्तमान में 228 सदस्य मतदान के पात्र हैं। राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए 58 वोटों की आवश्यकता है। भाजपा के पास 164 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के पास 63 विधायक हैं। दो सीटों पर अपने उम्मीदवारों को निर्वाचित कराने के बाद भाजपा के पास लगभग 48 वोट बचेंगे। ऐसे में तीसरी सीट जीतने के लिए उसे अतिरिक्त 10 वोटों की जरूरत होगी। यही वजह है कि कांग्रेस में क्रॉस वोटिंग की आशंका और भाजपा की



संभावित रणनीति को लेकर चर्चाएं तेज हैं।हालांकि, भाजपा ने अभी केवल दो उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग और प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने एक दिन पहले यानी शनिवार को ही अपने नामांकन भी दाखिल कर दिए हैं। वहीं, कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार घोषित किया है और पार्टी ने दावा किया कि पूरी पार्टी उनके साथ है। इसी बीच भाजपा की ओर से दावा किया गया कि पार्टी पूरी तरह मजबूत स्थिति में है और यदि तीसरा उम्मीदवार भी उतारा जाए तो उसकी जीत तय है।भाजपा संगठन की ओर से भले ही अब तक तीसरे उम्मीदवार को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन मुख्यमंत्री मोहन यादव के एक बयान से तीसरी सीट को लेकर सियासी अटकलें तेज हो गई हैं। दरअसल, मुख्यमंत्री शनिवार को इंदौर पहुंचे थे। यहां देर शाम जब पत्रकारों ने राज्यसभा की तीसरी सीट को लेकर सवाल किया तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि तीसरी सीट आएगी नहीं तो कहां जाएगी। इसके अलावा शनिवार की रात मुख्यमंत्री निवास में हुई भाजपा विधायक दल की बैठक में सभी विधायकों को 8 जून तक भोपाल नहीं छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। इससे भी सियासी अटकलों को हवा मिली है।हालांकि, इन अटकलों के बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने स्पष्ट किया कि तीसरी सीट पर उम्मीदवार उतारने की पार्टी की कोई रणनीति नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास दो सीटों के लिए पर्याप्त विधायक हैं और कांग्रेस के पास भी अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए पर्याप्त संख्या है। उन्होंने कहा कि तीसरी सीट को लेकर न कोई निर्णय हुआ है और न ही इस पर कोई विचार किया गया है। पार्टी की ओर से ऐसा कोई निर्देश भी नहीं मिला है।राज्यसभा के लिए नामांकन भरने की अंतिम तारीख 8 जून है। माना जा रहा है कि नामांकन के अंतिम दिन तक राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं। तीसरी सीट को लेकर पर्दे के पीछे राजनीतिक बिसात पूरी तरह बिछ चुकी है। ऐसे में 8 जून तक तीसरी राज्यसभा सीट को लेकर सस्पेंस बने रहने की संभावना है।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले भूपेश बघेल, राज्यसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा



रांची, (एजेंसी) : राज्यसभा चुनाव-2026 की तैयारियों को लेकर झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को महत्वपूर्ण राजनीतिक गतिविधि देखने को मिली। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस की ओर से राज्यसभा चुनाव के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक भूपेश बघेल और अजय शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान आगामी राज्यसभा चुनाव से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री आवास में हुई इस बैठक में गठबंधन की चुनावी रणनीति, सहयोगी दलों के बीच बेहतर समन्वय और मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों पर गंभीर मंथन हुआ। नेताओं ने राज्यसभा चुनाव में गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए संभावित चुनौतियों और अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया।

बैठक के दौरान चुनावी तैयारियों की समीक्षा करते हुए आगे की रणनीति को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। नेताओं ने गठबंधन के सभी घटक दलों के बीच तालमेल को और मजबूत बनाने तथा चुनावी प्रबंधन को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। साथ ही राजनीतिक परिस्थितियों के अनुरूप साझा रणनीति तैयार करने पर भी सहमति बनी।

बैठक में चुनावी गणित, विधायकों के बीच समन्वय और संगठनात्मक तैयारियों जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। राज्यसभा चुनाव को लेकर गठबंधन के भीतर एकजुटता बनाए रखने और सभी सहयोगी दलों को साथ लेकर आगे बढ़ने की रणनीति पर विशेष ध्यान दिया गया।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आगामी राज्यसभा चुनाव को देखते हुए यह मुलाकात काफी महत्वपूर्ण है। बैठक से यह संकेत मिला है कि गठबंधन के दल चुनावी तैयारियों को लेकर सक्रिय हैं और जीत सुनिश्चित करने के लिए अभी से रणनीतिक स्तर पर काम शुरू कर

# भारत-इंडोनेशिया संयुक्त आयोग बैठक: विदेश मंत्रियों ने की व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा



नई दिल्ली, (एजेंसी) : विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रविवार को नई दिल्ली में इंडोनेशिया के विदेश मंत्री सुगियोनो के साथ 8वीं भारत-इंडोनेशिया संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) की सह-अध्यक्षता की।विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों मंत्रियों ने भारत-इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। साथ ही, उन्होंने राजनीतिक, रक्षा और सुरक्षा, समुद्री, व्यापार और निवेश, फार्मा और स्वास्थ्य सेवा, डिजिटल, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, अंतरिक्ष, शिक्षा, कांसुलर और सांस्कृतिक क्षेत्रों तथा लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।मंत्रियों ने इस बात पर गौर किया कि राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच हुई बातचीत ने द्विपक्षीय संबंधों को नई गति प्रदान की है।

दोनों पक्षों ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया और क्षेत्रीय तथा बहुपक्षीय मंचों पर करीबी सहयोग और समन्वय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

मंत्रियों ने द्विपक्षीय संबंधों के बढ़ते और सकारात्मक रुझान का स्वागत किया और निकट भविष्य में आपसी सुविधा के अनुसार अगली संयुक्त आयोग बैठक आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की।उल्लेखनीय है कि इंडोनेशिया भारत की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का एक प्रमुख स्तंभ है। गहरे सभ्यतागत संबंधों पर आधारित, भारत-इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी सहयोग के स्थापित और नए क्षेत्रों में लगातार मजबूत हो रही है।

# भाजपा की संगठनात्मक बैठक में नितिन नवीन ने कार्यकताओं को दिया संगठन विस्तार का मंत्र

रांची, (एजेंसी) : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के झारखंड प्रवास के दूसरे दिन रविवार को रांची जिले के कुच्चू स्थित प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के पैतृक आवास पर महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व जनप्रतिनिधियों, चुनावी प्रत्याशियों और संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान संगठन की मजबूती, आगामी राजनीतिक चुनौतियों, कार्यकताओं की भूमिका तथा झारखंड में भाजपा के विस्तार को लेकर व्यापक चर्चा की गई।

बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक तथा वर्ष 2024 के चुनावों में पार्टी के प्रत्याशी शामिल हुए। इसके अलावा संगठनात्मक दृष्टिकोण से रांची जिले के तीनों संगठनात्मक जिलों के कार्यसमिति सदस्यों ने भी बैठक में सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी के विभिन्न स्तरों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय को मजबूत करना तथा भविष्य की




रणनीतियों पर विचार-विमर्श करना था।वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नितिन नवीन ने कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, आम जनता के बीच पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

भाजपा अध्यक्ष ने विकसित भारत के संकल्प के साथ विकसित झारखंड के लक्ष्य को भी रेखांकित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, राज्य के विकास से जुड़े मुद्दों और संगठनात्मक विस्तार के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के सभी वर्गों तक पहुंच बनाकर पार्टी के जनाधार को और मजबूत करने का आह्वान किया।

बैठक में नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय संवाद भी हुआ, जिसमें संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्यक्रमों और राजनीतिक परिस्थितियों पर विचार-विमर्श किया गया। पार्टी नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं को आने वाले समय की चुनौतियों के लिए तैयार रहने और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने का संदेश दिया।

बैठक के दौरान नितिन नवीन ने प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के आवास पर ही अल्पाहार किया और उनके परिवारजनों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संगठन में पारिवारिक और वैचारिक मूल्यों की भूमिका पर भी चर्चा की। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, अर्जुन मुंडा, मधु कोड़ा, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र राय, दीपक प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, विधानसभा में मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध प्रवासियों को लेकर भारत-बांग्लादेश सीमा पर बढ़ा तनाव

### रोजाना 200-300 लोगों का हो रहा सत्यापन

### दस्तावेज के अभाव में फंसे हजारों लोग

कोलकाता,(एजेंसी) : पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले स्थित हकीमपुर चेकपोस्ट इन दिनों एक असामान्य स्थिति का गवाह बन रही है। वर्षों से भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक अब स्वयं सामने आकर अपनी पहचान दर्ज करा रहे हैं और बांग्लादेश लौटने की इच्छा जता रहे हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारियों के अनुसार प्रतिदिन 200 से 300 लोग सत्यापन के लिए चेकपोस्ट पहुंच रहे हैं, जिससे वहां लंबी कतारें लग रही हैं। सीमा पर ऐसे लोगों की भीड़ बढ़ने से तनाव जैसे हालात बन गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ऐसे तमाम लोगों को सीधे सीमा पार भेजने के बजाय उनका बायोमीट्रिक सत्यापन और दस्तावेजों की जांच की जा रही है। इसके बाद उन्हें राज्य सरकार द्वारा



बनाए गए होल्डिंग सेंटरों में भेजा जा रहा है। कई ऐसे लोग भी हैं जो वर्षों से भारत में रह रहे हैं और उनके पास आधार कार्ड सहित भारतीय दस्तावेज तो हैं, लेकिन बांग्लादेशी पहचान संबंधी कोई प्रमाण नहीं है। यही स्थिति उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती बन गई है।

भारत-बांग्लादेश सीमा पर मौजूदा स्थिति को लेकर बीएसएफ के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया, कि यह पहली बार है जब अवैध प्रवासियों को खोजने की आवश्यकता नहीं पड़ रही, बल्कि वे स्वयं अपनी पहचान दर्ज कराने पहुंच रहे हैं। स्थानीय सामाजिक संगठन ह्यभूखा मानुसेर अधिकार अभियानह्व के अनुसार सत्यापन कराने वाले अधिकांश लोग बांग्लादेश के विभिन्न जिलों से वर्षों पहले अवैध रूप से भारत आए थे। इस बीच उन लोगों की चिंता ज्यादा बढ़ गई है, जिनके पास किसी भी देश के नागरिक होने के प्रमाण नहीं हैं। ऐसे लोगों को आशंका है कि यदि दोनों देशों में से किसी ने भी उन्हें स्वीकार नहीं किया तो उनका भविष्य अनिश्चित हो जाएगा।

बंगाल में बने 11 होल्डिंग सेंटर

गृह मंत्रालय के निर्देश पर पश्चिम बंगाल में 11 होल्डिंग सेंटर बनाए गए हैं। सबसे अधिक प्रभावित उत्तर 24 परगना जिले के तेतुलिया में एक होटल को अस्थायी होल्डिंग सेंटर में बदला गया है। राज्य सरकार के अनुसार इन केंद्रों में फिलहाल एक हजार से कम लोग रह रहे हैं, जहां भोजन, चिकित्सा और बच्चों के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

अवैध प्रवासियों को सीमा में जबरन धकेलने का आरोप

दूसरी ओर, बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड (बीजीबी) ने भारत पर अवैध प्रवासियों को सीमा में धकेलने की कोशिश का आरोप लगाया है। बांग्लादेश ने सीमा पर निगरानी और सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी है। बांग्लादेश की विदेश राज्य मंत्री शमा ओबायद इस्लाम ने भी चेतावनी दी है कि किसी भी व्यक्ति को एकतरफा तरीके से सीमा पार भेजने की कोशिश दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा सकती है। इस तरह से दोनों ही देशों की सीमा पर तनाव बराबर बना हुआ है। अंततः हजारों लोगों की पहचान, नागरिकता और भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। वे न तो पूरी तरह भारत में सुरक्षित महसूस कर रहे हैं और न ही बिना वैध दस्तावेजों के बांग्लादेश लौट पा रहे हैं। इससे सीमा क्षेत्र में मानवीय और प्रशासनिक चुनौती लगातार गहराती जा रही है।

# राष्ट्र प्रथम के मंत्र के साथ नितिन नवीन ने झारखंड भाजपा को दिया 2029 का लक्ष्य, संगठन मजबूती पर जोर

रांची, (एजेंसी) : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने झारखंड भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकताओं को संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का मंत्र देते हुए वर्ष 2029 के लक्ष्य को लेकर अभी से तैयारी शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश टीम का गठन आगामी राजनीतिक चुनौतियों और वर्ष 2029 के लक्ष्य को ध्यान में रखकर किया गया है तथा यही टीम भविष्य के चुनावी अभियान का नेतृत्व करेगी।नितिन नवीन रविवार को अपने दो दिवसीय झारखंड प्रवास के दूसरे और अंतिम दिन प्रदेश कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, प्रदेश मीडिया टीम, प्रवक्ता, सोशल मीडिया और आईटी सेल के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत पार्टी के महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन और वंदे मातरम् के साथ हुई।बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा झारखंड का मजबूत



राजनीतिक आधार रही है और भविष्य में भी रहेगी। उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के बावजूद जनता के बीच भाजपा के प्रति विश्वास और समर्थन कायम है। उन्होंने स्वीकार किया कि पार्टी जनता का भरोसा पूरी तरह जीतने में सफल नहीं रही, लेकिन अब निराशा को आशा में बदलने और संगठन को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का समय है।नितिन नवीन ने कार्यकताओं से बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और जनता के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, जिसके करोड़ों सदस्य और लाखों सक्रिय कार्यकर्ता हैं। ऐसे में संगठन की ताकत को और प्रभावी बनाने के लिए कार्यकर्ता और कार्यक्रम दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक नियमित मासिक बैठकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निचले स्तर के कार्यकर्ताओं से सतत संवाद संगठन की मजबूती का आधार है। उन्होंने शक्तिकेंद्र स्तर की बैठकों में बूथों की कमियों की समीक्षा कर उनके समाधान पर काम करने की बात कही। भाजपा अध्यक्ष ने सभी मोर्चों का गठन मंडल स्तर तक पूरा करने और प्रत्येक मंडल में कम से कम 100 सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित करने का सुझाव दिया। साथ ही जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे पुराने और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानपूर्वक संगठन से जोड़े रखें तथा लंबे समय से जुड़े कार्यकर्ताओं की सूची तैयार कर उन्हें पुनः सक्रिय भूमिका में लाएं।नितिन नवीन ने कहा कि भाजपा में व्यक्ति से अधिक संगठन महत्वपूर्ण है। उन्होंने वरिष्ठ और युवा कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर देते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही संगठन मजबूत हो सकता है।

# हमने जो कहा वो किया, हमारे पास सेवा, सुशासन और राष्ट्रवाद की ताकत है : नितिन नबीन

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

बोकारो : आप सब का उत्साह, जोश व समर्पण भारतीय जनता पार्टी की असली ताकत है।आप कार्यकर्ता हीं वह नींव हैं, जिस पर आज भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास की नई गाथा लिखी है। चाहे उज्ज्वला हो, आयुष्मान भारत हो या धारा 370 हटाना...हमने जो कहा वो किया. अब आने वाला समय और भी चुनौतीपूर्ण है। आप सभी अपने-अपने बूथ को मजबूत कीजिए।हर घर तक केंद्र सरकार की योजनाएं पहुंचाइए। विपक्ष झूठ और भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह करना चाहता है, लेकिन हमारे पास सेवा, सुशासन और राष्ट्रवाद की ताकत है।ये बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को



बोकारो में कही। वह सिटी सेंटर सेक्टर चार में अपनी मौसी शोभा रानी लाल की श्रद्धांजली सभा में शामिल होने के लिये बोकारो पहुंचे थे।राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि 2029 का चुनाव हमारे लिए सिर्फ सरकार बनाने का नहीं, बल्कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है। उम्मीद हीं नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप कार्यकर्ता इस संकल्प को पूरा करने में सबसे आगे रहेंगे। रांची से सड़क मार्ग से बोकारो जिले में प्रवेश करने के साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का पेटरवार, जैनामोड़, बालीडीह सहित दर्जनों स्थानों पर कार्यकताओं ने की आगवानी की। चिलचिलाती धूप व उमस भरी गर्मी के बीच जगह-जगह कार्यकर्ता सड़क किनारे हाथों में झंडा लिये खड़ा दिखे। यही हाल नया मोड़ बोकारो का भी था। धनबाद सांसद ढुलू महतो, बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण, रोहित लाल सिंह सहित दर्जनों महिला-पुरूष भाजपायी उनके स्वागत के लिये इंतजार करते दिखे। सभी ने फूल-माला से राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का स्वागत किया।भाजपा बोकारो जिला अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र राज के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने नया मोड़ बिरसा चौक पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की आगवानी की। कार्यकताओं ने फूल-मालाओं, अंग वस्त्र ओढ़ाकर और ह्यभारत माता की जयह्न, वन्देमातरम के नारों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा भी उपस्थित थे। शशि भूषण ओझा मुकुल, अम्बिका खवास, कृष्ण कुमार मुन्ना, आरती राणा, कुमार अमित, संजय त्यागी, मुकेश राय, कमलेश राय, दिलीप श्रीवास्तव, धीरज झा, गौर रजवार, वीरभद्र प्रसाद सिंह, विभीषण सिंह चौधरी, एंजेला सिंह, चंद्रशेखर सिंह, बैधनाथ प्रसाद लालू गोप, अविनाश सिंह, सोनम दुबे, मुकेश बाउरी, ऋषभ राय, भानु प्रताप सिंह, अभय कुमार गोलू, मनीष पांडेय, योगेन्द्र कुमार, अविनाश झा आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कपाली पुलिस ने चार साल से फरार चल रहे रंगदारी कांड का आरोपी किया गिरफ्तार, भेजा जेल



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

सरायकेला : सरायकेला जिला के कपाली ओपी पुलिस ने रविवार को धक्का-मुक्की, मारपीट और रंगदारी के मामले में पिछले चार वर्षों से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान इस्लामनगर निवासी मोहम्मद फिरोज आलम के रूप में हुई है, जिसे पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।इस संबंध में जानकारी देते हुए ओपी प्रभारी धीरंजन कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कांड संख्या 189/22, 18 अगस्त 2022 दर्ज है।यह मामला वादी जाकिर हुसैन से जुड़ा हुआ है, जिसमें हांसाडुगरी स्थित ईंट भट्ठा के पास धक्का-मुक्की, मारपीट एवं रंगदारी मांगने का आरोप लगाया गया था। उन्होंने बताया कि मोहम्मद फिरोज आलम घटना के बाद से ही फरार चल रहा था और लगातार गिरफ्तारी से बचता रहा। लंबे समय से उसकी तलाश की जा रही थी।गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### लातेहार जिला युवा राजद के तत्वावधान में युवा संवाद चौपाल यात्रा का आयोजन

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

लातेहार : शहर के एक होटल मे रविवार को राष्ट्रीय जनता दल युवा कमेटी के तत्वावधान मे युवा संवाद चौपाल यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दीपक यादव ने की। इससे पहले स्थानीय राजद नेताओ ने प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने कहा कि युवा संवाद चौपाल केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं को एक मंच पर लाकर उनके विचारों, प्रतिभाओं और नेतृत्व क्षमता को निखारने का माध्यम है।उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी से ही समाज और राष्ट्र का विकास संभव है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि युवाओं की समस्याओं के समाधान करने में केंद्र सरकार विफल रही है।नीट परीक्षा पेपर लीक जैसी घटनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इससे शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।प्रदेश सचिव रंजीत यादव ने कहा कि चौपाल युवाओं के बीच संवाद, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने युवाओं से संगठन को मजबूत बनाने और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संगठन विस्तार, युवाओं की राजनीतिक भागीदारी और जनसरोकार से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। मौके पर प्रदेश महासचिव सूरज देव यादव, कमलेश यादव, मजदूर प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश राम, प्रदेश उपाध्यक्ष क्षितिप मिश्रा, मोहर सिंह यादव व भोला सिंह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सरायकेला के गांवों में पहुंचे एक्सएलआरआई के विद्यार्थी, ग्रामीण जीवन और संस्कृति को जाना

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

सरायकेला : जमशेदपुर के प्रतिष्ठित एक्सएलआरआई संस्थान के 56 एमबीए छात्र-छात्राओं ने टाटा स्टील फाउंडेशन के अनुरूम कार्यक्रम के तहत सरायकेला प्रखंड की कमलपुर ग्राम पंचायत का तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया।इस दौरान विद्यार्थियों ने कंचनपुर, बेरगाडीह, बाघराईडीह, कोयरा, खोड़काबाद, मोसोडीह, नारायनडीह, बड़गांव और तेंतालटांड समेत कई गांवों में रहकर ग्रामीण जीवन को करीब से समझा।

प्रशिक्षक नृपराज महानंदा के मार्गदर्शन में छात्रों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल और पलायन जैसी समस्याओं पर ग्रामीणों से संवाद किया। विद्यार्थियों ने कहा कि गांवों में रहकर वास्तविक चुनौतियों को समझने का अनुभव पुस्तकों से कहीं अधिक उपयोगी है।कार्यक्रम की शुरूआत पंचायत सचिवालय में पारंपरिक स्वागत के साथ हुई, जहां मुखिया नव किशोर सरदार सहित पंचायत प्रतिनिधियों और मां लक्ष्मी महिला समिति की सदस्यों ने छात्रों का अभिनंदन किया।मुखिया ने पंचायत की विकास योजनाओं की जानकारी दी।सामाजिक कार्यकर्ता हेमसागर प्रधान ने बताया कि इस भ्रमण से विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक विकास की समझ विकसित हुई।कार्यक्रम के समापन पर छात्रों ने ग्रामीणों के साथ सामूहिक नृत्य कर स्थानीय संस्कृति का आनंद लिया।

### जामजोरी में बनेगा 55 लाख का स्वास्थ्य उपकेंद्र, हुआ शिलान्यास

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

गिरिडीह : गांडेय प्रखंड अंतर्गत जामजोरी पंचायत सचिवालय के पास 55 लाख की लागत से स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण किया जाएगा।इस निहित रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता मुफ्ती मो.सईद आलम ने विधिवत नारियल तोड़ कर शिलान्यास किया।मौके पर मुफ्ती मो.सईद आलम ने कहा कि जिला परिषद मद वित्त आयोग (हेल्थ ग्राण्ट) मद से करीब 55 लाख रुपए की लागत से उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण किया जाएगा। कहा कि सुदुर क्षेत्र में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण इस क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित होगा।कहा कि पूर्व में लोगों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर बुद्धू डीह या सीएचसी गांडेय जाना पड़ता था।अब स्वास्थ्य उप केंद्र के निर्माण के बाद लोगों को काफी सहुलियत होगी।उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को देखते हुए निदान की दिशा में जिला परिषद गंभीर है और लगातार विकास कार्य कर रही है।मौके पर झामुमो नेता प्रमोद राम,सामाजिक कार्यकर्ता मो.कलाम, कमलदेव मंडल,गौतम कुमार,मो. मंजर, बजरंगी सिंह,मो. मेहताब समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### दूसरे दिन भी सीएम से मिले कांग्रेस के पर्यवेक्षक

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : राज्यसभा चुनाव के लिए नियुक्त किये गये कांग्रेस के पर्यवेक्षक व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अजय शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। लगभग एक घंटा तक उन्होंने राज्यसभा चुनाव पर बातें की। हालांकि, बातचीत का खुलासा नहीं किया गया। ज्ञात हो कि दोनों नेता शनिवार की शाम भी सीएम से मिले थे।

## कोयले की धूल से मिलेगी राहत, न्यू मदनपुर बनेगा आधुनिक माल ढुलाई केंद्र

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

दुमका : दुमका शहर को कोयले की धूल, भारी वाहनों की आवाजाही और यातायात जाम की समस्या से जल्द राहत मिलने वाली है।पूर्व रेलवे ने न्यू मदनपुर हॉल्ट को पूर्ण विकसित आधुनिक ब्लॉक स्टेशन और माल ढुलाई केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है।इसके तहत दुमका स्टेशन पर होने वाली भारी कोयला लोडिंग-अनलोडिंग गतिविधियों को न्यू मदनपुर स्थानांतरित किया जाएगा।पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देऊस्कर के नेतृत्व में संचालित इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र की माल परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ-साथ दुमका शहर को प्रदूषण और यातायात दबाव से राहत दिलाना है। वर्तमान में दुमका स्टेशन पर प्रतिदिन औसतन तीन से चार कोयला रेकों के अलावा पत्थर, बालू और खाद्यान्न से भरी रेकों की भी लोडिंग-अनलोडिंग होती है।इससे स्टेशन क्षेत्र और आसपास के इलाकों में कोयले की धूल, शोर और भारी ट्रकों की आवाजाही से लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है।रेलवे अधिकारियों के अनुसार आने वाले समय में कोयला परिवहन बढ़कर प्रतिदिन छह




रेक तक पहुंच सकता है।इसी संभावना और स्थानीय लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए दुमका से लगभग 4.20 किलोमीटर दूर स्थित न्यू मदनपुर स्टेशन को आधुनिक माल ढुलाई केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।नई व्यवस्था लागू होने के बाद कोयला ढुलाई से जुड़े भारी वाहन शहर के बीच से नहीं गुजरेंगे, बल्कि सीधे न्यू मदनपुर स्टेशन तक पहुंचेंगे। इससे दुमका शहर में यातायात का दबाव कम होगा और वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी।साथ ही यात्रियों के लिए स्टेशन परिसर अधिक स्वच्छ और सुविधाजनक बन सकेगा।रेलवे के अनुसार यह परियोजना क्षेत्र की कैप्टिव कोयला खदानों से होने वाली कोयला निकासी की बढ़ती जरूरतों को भी पूरा करेगी।इससे उत्तर प्रदेश के विभिन्न ताप विद्युत संयंत्रों तक कोयला पहुंचाने की व्यवस्था और मजबूत होगी।सहारपुर-जमारपानी कोयला ब्लॉक तथा पचवारा साउथ कोयला ब्लॉक से होने वाली कोयला आपूर्ति के लिए भी यह स्टेशन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझि ने कहा कि रेलवे औद्योगिक विकास और जनहित के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।न्यू मदनपुर को पूर्ण माल ढुलाई स्टेशन के रूप में विकसित किए जाने से एक ओर ऊर्जा क्षेत्र को बेहतर लॉजिस्टिक सुविधा मिलेगी, वहीं दूसरी ओर दुमका के लोगों को स्वच्छ, शांत और बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा।

## राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन का अंतिम दिन सोमवार को

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : झारखंड समेत देश के 10 राज्यों की कुल राज्यसभा 24 सीटों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि सोमवार (आठ जून) को है।नौ जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 11 जून तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे।राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान 18 जून को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होगा।मतदान समाप्त होने के बाद उसी दिन मतगणना होगी और परिणाम घोषित किये जायेंगे।झारखंड में दीपक प्रकाश और स्व शिबू सोरेन की रिक्त सीटों पर चुनाव कराया जायेगा।दीपक प्रकाश का कार्यकाल 21 जून 2026 को समाप्त हो रहा है।झारखंड में अब तक छह लोगों ने राज्यसभा चुनाव के लिए परचा खरीदा है। हालांकि, एक भी प्रत्याशी ने परचा दाखिल नहीं किया है। सोमवार को सभी प्रत्याशी नामांकन दाखिल करेंगे।

## सामाजिक न्याय की आवाज को मजबूती देंगे बैजनाथ राम : मुख्यमंत्री

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सामाजिक न्याय की आवाज को मजबूती देने के लिए झामुमो ने बैजनाथ राम को राज्यसभा का प्रत्याशी बनाया है। अपने सोशल मीडिया एक्स पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की जनता के संघर्षों, आकांक्षाओं और सामाजिक न्याय की आवाज को और मजबूती देने के उद्देश्य से गठबंधन की ओर से पूर्व विधायक बैजनाथ राम जी को उम्मीदवार बनाया गया है। सामाजिक व सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए उनका निरंतर संघर्ष उन्हें इस महत्वपूर्ण दायित्व लिए उपयुक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि वे राज्यसभा में झारखंड की जनता की आवाज को मजबूती से उठायेंगे तथा राज्य के हितों और अधिकारों की पैरवी करेंगे।उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं।

## ठनका गिरने से जड़ी-बूटी विक्रेता की दर्दनाक मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

जामताड़ा : देवघर जिले के शालभद्रा गांव में रविवार को आसमानी बिजली गिरने से नारायणपुर थाना क्षेत्र के चरकपानी गांव निवासी 45 वर्षीय शाहजहां शेख की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है।प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहजहां शेख जड़ी-बूटी बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। रविवार को भी वे जड़ी-बूटी बेचने के लिए मागोमुंडा हटिया जा रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए वे शालभद्रा गांव में एक निमार्णाधीन मकान के पास रुक गए।इसी बीच अचानक तेज ठनका (आसमानी बिजली) गिरा, जिसकी चपेट में शाहजहां शेख आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी गई।सूचना पाकर परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया जाता है कि शाहजहां शेख अपने परिवार में पत्नी और पांच बच्चों के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनकी अचानक मौत से परिवार पर आर्थिक और मानसिक संकट गहरा गया है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सहायता देने की मांग की है।

## खरसावां में मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर का वार्षिकोत्सव श्रद्धा-उल्लास के साथ संपन्न

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

सरायकेला : खरसावां के कुम्हारसाही स्थित मां त्रिपुर सुंदरी (मां तारा) मंदिर का वार्षिकोत्सव रविवार को श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया।मौके पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहितों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई।साथ ही सप्तशती चंडी पाठ, हवन-पूजन एवं पुष्पांजलि अर्पण कर मां त्रिपुर सुंदरी की आराधना की गई। पूजा-अर्चना के दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।भक्तों ने माता के समक्ष मत्था टेककर अपने परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा और



मंत्रोच्चारण से पूरा परिसर गूंजता रहा। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। बताया गया कि खरसावां के कुम्हारसाही स्थित षाड़ंगी परिवार के आवास परिसर में पिछले 150 वर्षों से अधिक समय से मां त्रिपुर सुंदरी की पूजा-अर्चना कर सभी परंपरा निभाई जा रही है।यह मंदिर क्षेत्र की आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र माना जाता है।वर्ष 2021 में पुराने मंदिर का कायाकल्प कर इसे भव्य स्वरूप प्रदान किया गया, जिसके बाद इसी नए मंदिर में प्रतिवर्ष सात मई को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाता है। षाड़ंगी परिवार द्वारा पीढ़ियों से पूरी निष्ठा और भक्ति भाव के साथ माता की सेवा और पूजा की जा रही है।यह परंपरा आज भी निरंतर जारी है. इस अवसर पर विमला प्रसाद षाडंगी, रंजीत षाडंगी, पं प्रदीप दाश, सुशील षाड़ंगी, सुजीत षाड़ंगी, जयजीत षाड़ंगी, मनोज षाड़ंगी, सुभाष षाड़ंगी, प्रविण षाड़ंगी, कार्तिक षाड़ंगी, सुर्यनारायण षाड़ंगी, रंजू लता षाड़ंगी, उषा षाड़ंगी, दीपक षाड़ंगी, सत्यजीत षाड़ंगी, अंकित मिश्रा, मनीष मिश्रा, गुरु प्रसाद षाड़ंगी, शुभम षाड़ंगी, हेमवती षाड़ंगी, रश्मिता षाड़ंगी, अद्रिक षाड़ंगी सहित काफी संख्या में भक्तों जनों उपस्थित थे।

## सिस्टम अपडेट के नाम पर साइबर ठगी: युवक के बैंक खाते से 95 हजार रुपये की अवैध निकासी, जांच में जुटी पुलिस

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

गढ़वा : प्रखंड मुख्यालय निवासी बच्चन राम के पुत्र विवेक कुमार साइबर ठगी का बड़ा शिकार हो गए हैं।अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनके इंडसइंड बैंक खाते में सेंधमारी कर 95,000 की अवैध निकासी कर ली है। इस घटना के बाद से पीड़ित और उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे इलाके में चिंता का माहौल है।पीड़ित विवेक ने मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और अपनी डूबी रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है।जानकारी के अनुसार, विवेक कुमार का इंडसइंड बैंक में खाता है। पीड़ित ने बताया कि 4 जून 2026 की शाम करीब साढ़े चार बजे उनके मोबाइल स्क्रीन पर सिस्टम अपडेट करने का एक पॉप-अप (ऑप्शन) दिखाई दिया।उन्होंने इसे मोबाइल का सामान्य अपडेट समझकर उस पर क्लिक कर दिया।क्लिक करने के ठीक 10 मिनट बाद विवेक के मोबाइल पर बैंक से पैसे कटने का मैसेज आया।मैसेज देखते ही उनके होश उड़ गए।जब उन्होंने तुरंत बैंक से संपर्क कर मामले की पड़ताल की, तो पता चला कि उनके खाते से कटी राशि केरल स्थित एक बैंक खाते में ट्रांसफर की जा चुकी है।इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पीड़ित ने किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी , बैंक खाता विवरण, यूपीआई पिन या कोई अन्य गोपनीय जानकारी साझा नहीं की थी। सिर्फ एक स्क्रीन क्लिक के जरिए पूरी रकम गायब हो जाना तकनीकी सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े करता है। पीड़ित विवेक ने संबंधित बैंक प्रबंधन, साइबर थाना और स्थानीय प्रशासन से मामले की निष्पक्ष व त्वरित जांच करने की मांग की है।इस घटना के बाद से रमना प्रखंड में साइबर अपराध को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन फर्जी लिंक, बैंकिंग ऐप और मोबाइल हैकिंग के जरिए लोगों की गाढ़ी कमाई लूटी जा रही है।ग्रामीणों ने प्रशासन से साइबर अपराधियों के खिलाफ एक विशेष मुहिम चलाकर सख्त कार्रवाई करने तथा आम लोगों को इस डिजिटल ठगी के प्रति जागरूक करने की अपील की है।फिलहाल, पीड़ित ने संबंधित विभागों को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## काफिला रोक मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने निभाया फर्ज, घायल मां-बेटे को पहुंचाया अस्पताल

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रामगढ़ : पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने रविवार को मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सड़क हादसे में घायल मां-बेटे की जान बचाई।

रांची से रामगढ़ कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे मंत्री का काफिला जैसे ही चुटुपालू घाटी पहुंचा, उनकी नजर सड़क किनारे घायल महिला और उसके बच्चे पर पड़ी।दोनों सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल थे।स्थिति को गंभीर देखते हुए मंत्री ने तुरंत काफिला रुकवाया और स्वयं गाड़ी से उतरकर घायल मां-बेटे को अपनी गाड़ी में बैठाया।मंत्री दोनों घायलों को लेकर सैनी होटल के समीप स्थित आपातकालीन सेवा अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने डॉक्टरों को तत्काल इलाज शुरू करने का निर्देश दिया।मंत्री की इस त्वरित कार्रवाई से दोनों की जान बच सकी। मौके पर मौजूद लोगों ने उनके इस मानवीय कदम की सराहना की।

ट्रूथ पर्थ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक कुमार भारती के द्वारा डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, भास्कर प्रीटिंग प्रेस गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर के.जी. आश्रम, धनबाद (झारखंड) से
मुद्रिक एवं नियर भाटिया शिव मंदिर, गांधी नगर धनबाद से प्रकाशित फोन नं. 7004605076, 9852421580
संपादकः- रवि रंजन * इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उतरदायी। ई. मेलः-truthpath941@gmail.com आर. एन. आई.नंबर .-JHAHIN/2023/90593

# छापेमारी में बड़ी मात्रा में कोयला जब्त, अवैध मुहाने किए गए बंद

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः पूर्वी झरिया क्षेत्र में बंद 35 नंबर खदान में चल रहे अवैध कोयला खनन के खिलाफ रविवार को कार्रवाई हुई। महाप्रबंधक टूनेश्वर पासवान ने सीआइएसएफ व बीसीसीएल की आंतरिक सुरक्षा टीम के साथ छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त किया। साथ ही अवैध रूप से खोले गये मुहाने की भराई कराई गई। मालूम हो कि बंद 35 नंबर खदान के मुहाने खोलकर एक माह से कोयला तस्करों द्वारा अवैध खनन किया जा रहा था। छापेमारी के दौरान खदान के भीतर बड़ी मात्रा में अवैध रूप से निकाला गया कोयला बरामद किया गया। सुरक्षा बलों की टीम खदान क्षेत्र में पहुंची उस समय अवैध मुहाने के अंदर करीब तीन दर्जन मजदूर कोयला काटने का काम कर रहे थे।कार्रवाई की भनक लगते ही मजदूर आनन-फानन में खदान से



बाहर निकलकर भाग गये।मजदूरों द्वारा निकाले गये कोयले को सैकड़ों बोरियों में भरकर जमा किया गया था,तस्कर रोज रात के समय इन बोरियों को वाहनों पर लादकर विभिन्न अवैध कोयला भट्ठों तक पहुंचाने का काम करते हैं। स्थानीय लोगों ने बतया कि यहां दिन-रात तीनों शिμटों में अवैध खनन किया जाता है। क्षेत्र के लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि इलाके में पुलिस की गश्ती गाड़ियां नियमित रूप से आती हैं, लेकिन इससे कोयला तस्करों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति पुलिस या सुरक्षा एजेंसियों को अवैध खनन की सूचना देता है, तो उसकी पहचान किसी न किसी माध्यम से तस्करों तक पहुंच जाती है। इसके बाद शिकायतकर्ता को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां दी जाती हैं, जिससे लोग खुलकर शिकायत करने से डरते हैं। छापेमारी के बाद जब्त किए गए कोयले को बीसीसीएल के हाइवा वाहनों में पेलोडर की मदद से लोड कराया गया। इसके बाद कोयले को सुदामडीह एएसपी कोलियरी स्थित कोयला डिपो में जमा कराया गया। अधिकारियों ने अवैध खनन के लिए इस्तेमाल किए जा रहे मुहाने की भराई भी करवाई, ताकि दोबारा वहां से खनन न हो सके, बीसीसीएल प्रबंधन व सीआइएसएफ की इस संयुक्त कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सक्रिय थे कोयला तस्करों के बीच हड़कंप है।हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी भी कई स्थानों पर अवैध खनन जारी है. वहीं कुछ स्थान पर अवैध कोयला डिपो भी खोला गया है। अधिकारियों के अनुसार, कुछ लोग स्थानों तक भारी वाहनों व मशीनों की पहुंच नहीं होने के कारण तत्काल कार्रवाई नहीं हो सकी है। लेकिन आने वाले दिनों में अन्य अवैध मुहानों के खिलाफ भी अभियान चलाया जायेगा।छापेमारी में जीएम टी पासवान, मैनेजर अमित कुमार , सीआइएसएफ के अधिकारी के अलावा सुरक्षा बल के जवान थे। ने कहा कि 25 टन कोयला जब्त किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

## माले ने हर गरीब को काम दो को ले विशेष अभियान चलाने का लिया संकल्प



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः : भाकपा (माले) निरसा प्रखंड स्टैंडिंग कमेटी की बैठक रविवार को पार्टी कार्यालय गुरुदास भवन निरसा में हुई।अध्यक्षता प्रखंड सचिव टूटून मुखर्जी व संचालन मुमताज अंसारी ने किया।बैठक में 15 जून से 15 जुलाई तक चलाए जाने वाले हर गरीब को काम दो को ले के विशेष अभियान चलाया जायेगा।इसकी विस्तृत कार्ययोजना, रणनीति एवं लक्ष्य निर्धारित किया गया।अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार गरीबों, खेतिहर मजदूरों, छोटे किसानों तथा वंचित परिवारों को मनरेगा एवं अन्य सरकारी योजनाओं के तहत रोजगार उपलब्ध कराना तथा संगठनात्मक विस्तार को मजबूत करना है। अभियान तीन चरणों में संचालित किया जाएगा। जिसमें गांव-वार सर्वेक्षण कर बेरोजगारों, मनरेगा जॉब कार्ड धारकों तथा काम से वंचित मजदूरों की सूची तैयार की जाएगी।ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर जन-जागरण रैलियां, पदयात्राएं तथा सभाएं, बैनर, पोस्टर, दीवार लेखन एवं माइकिंग के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने, मनरेगा कार्यों की सामूहिक मांग उठाई जाएगी। मौके पर प्रखंड सचिव टूटून मुखर्जी, हरेंद्र सिंह, भीम गोराई, मनु सिंह, बंसी सिंह, सिन्टू बाउरी, निरंजन गोराई, अमाल खान, तारापदो बाउरी, प्रबीर चंद्र भंडारी, शेख काबिल, राज डे सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी करेंगे मुख्यमंत्री का घेराव



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : झारखंड आंदोलनकारियों की बैठक बैजना पंचायत के टोपाटांड़ गांव में हुई। अध्यक्षता आंदोलनकारी हराधन मोदी ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि दस जून को रांची में मुख्यमंत्री का घेराव किया जायेगा। कहा कि झारंखंड के आंदोलनकारियों को कइ लाभ दने की घोषणा राज्य लरकार द्वारा किया गया था। इसके लिए सूची भी मांगी गई थी।कहा कि झारखंड अलग हुए 25 वर्ष हो जाने के बाद भी अभी तक सरकार द्वारा किसी प्रकार का लाभ नहीं दिया गया है।मौके विक्रम यादव, राजु खान, मोना रवानी, संतोष कोड़ा सहित काफी संख्या में आंदोलनकारी उपस्थित थे।

## विधायक से मिले झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के सदस्य, समस्या से कराया अवगत



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश सचिव मो.यासीन अंसारी के नेतृत्व में विधायक अरुप चटर्जी से मिले।प्रतिनिधियों ने मनरेगा कमीर्यों के लंबित मांग को राज्य सरकार से पुरा कराने का अनुरोध किया।कहा कि पिछले 12 मार्च 2026 से झारखंड राज्य के मनरेगा कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।लेकिन सरकार द्वारा मांगों पर सार्थख पहल नहीं किया गया है। विधायक श्री चटर्जी ने प्रतिनिधिमंडल सदस्यों को आश्वाशन दिया कि जल्द ही सरकार व संघ के बीच वार्ता कर समस्या समाधान कराया जायेगा।मौके पर तरूण दास गुप्ता, सुबल महतो, सपन मंडल, रामाकांत, सागर रविदास, मार्शल समीर ठाकुर, विमल, प्रबोध रवानी, संजीव कुमार, मौलाना जमशेद, दिलीप पासवान, शशि महतो, तपन पाल आदि शामिल थे।

## राजकीय पॉलिटेक्निक में राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन पर संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा के माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग द्वारा रविविर को राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी व कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं खनन क्षेत्र के विशेषज्ञों के मध्य क्रिटिकल मिनरल्स की खोज, खनन, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन से संबंधित नवीनतम ज्ञान एवं अनुभवों का आदान-प्रदान करना था।कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के प्राचार्य डॉ. गणेश प्रसाद ने किया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा, औद्योगिक आत्मनिर्भरता तथा हरित प्रौद्योगिकी के विकास में क्रिटिकल मिनरल्स की महत्वपूर्ण भूमिका है।उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन से जुड़कर अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। मुख्य विशेषज्ञ डॉ. राजेश सोलोमन पॉल ने सूडान में सल्फाइड आधारित क्रिटिकल मिनरलाइजेशन एवं वैश्विक खनिज अन्वेषण की चुनौतियों एवं संभावनाओं पर विस्तृत व्याख्यान किया। वहीं विशिष्ट वक्ता डॉ. भूपेंद्र मिश्रा, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, माइनिंग इंजीनियरिंग, एकेएस विश्वविद्यालय, सतना ने मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं झारखंड में क्रिटिकल मिनरल्स के अन्वेषण एवं खनन की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम को डॉ. सहेंद्र सिंह, डॉ. सुरेश प्रसाद यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।इस आयोजन में माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षक अभय साधु व नरेश हेम्ब्रम की विशेष भूमिका रही। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों द्वारा एनसीएमएम 2025 से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया। छात्र-छात्राओं को सहभागिता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से आउटसोर्सिंग मजदूर की मौत, परिवार में मचा कोहराम

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : अलकडीहा ओपी क्षेत्र के पहाड़ीगोड़ा पानी टंकी के समीप रविवार को हुए सड़क हादसे में जीनागोड़ा आउटसोर्सिंग में कार्यरत असंगठित मजदूर त्रिलोचन कुमार महतो (30) की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।मिली जानकारी के अनुसार, लोदना तिलाईबनी बस्ती निवासी बिनोद महतो के बड़े पुत्र त्रिलोचन कुमार महतो रविवार सुबह ड्यूटी के लिए घर से जीनागोड़ा आउटसोर्सिंग गए थे। इसी दौरान वे पहाड़ीगोड़ा स्थित अपने एक रिश्तेदार के घर गए थे।वहां से लौटने के क्रम में पहाड़ीगोड़ा के समीप ओबी डंप से पत्थर लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर की चपेट में आ गये। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये।घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से घायल त्रिलोचन को इलाज के लिए एसएनएमसीएच,



धनबाद ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी।

मौत की खबर मिलते ही तिलाईबनी बस्ती में मातम छा गया।पत्नी सुषमा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।वह अपने तीन छोटे बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं।मृतक अपने पीछे पत्नी, दो पुत्रियां मोनिका कुमारी (6 वर्ष) और दिया कुमारी (4 वर्ष), तथा एक दो वर्षीय पुत्र को छोड़ गए हैं।घटना की सूचना मिलते ही अलकडीहा पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर तथा मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना ले गई।पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है।बताया जा रहा है कि दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर सुरंगा निवासी छोटू महतो का है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 14 जून को धनबाद से होगी जेस्ट फैशन शो के ऑडिशन की शुरूआत



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : बच्चों और महिलाओं के लिए फैशन शो होने जा रहा है।14 जून से जेस्ट फैशन शो के प्रथम ऑडिशन की शुरूआत हो रही है।इस भव्य आयोजन का संचालन काजल झा, मनीषा सिंह, अंजना , पूजा , अनीशा एवं धर्मजीत चौधरी द्वारा किया जा रहा है। धनबाद में यह ऑडिशन क्लार्कस इन में होने जा रही है। इसके बाद 21 जून को रांची के अलीशा डांस स्टूडियो , 28 जून को देवघर तथा 5 जुलाई को दुगार्पुर में ऑडिशन आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी आयोजको ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।आयोजको ने बताया कि ऑडिशन में धनबाद की प्रसिद्ध व्यक्तित्व पुष्पा सिंह निर्णायक की भूमिका में रहेंगी। कार्यक्रम के मेकअप पार्टनर के रूप में लेकमे की रुजी मेम एवं उनकी टीम सहयोग प्रदान करेगी। पुष्पा सिंह मिसेस झारखण्ड 2024-25, एआइआइएएइएफ की ग्लोबल ब्रांड एम्बेसेडर और द ग्रेट पोडियम की पीआर ब्रांड एम्बेसेडर तथा एक अनुभवी पेजन्ट ग्रूमर एवं कोच हैं। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें और अपने सपनों को नई उड़ान दे सकें।प्रतियोगिता में दो श्रेणियाँ रखी गई हैं जिसमे 4 से 12 वर्ष तक के बच्चे और 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाएँ हैं।जेस्ट फैशन शो का उद्देश्य समाज के हर वर्ग की महिलाओं एवं बच्चों को अवसर प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

## मारवाड़ी युवा मंच ने आयोजित किया सम्मान समारोह


ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः मारवाड़ी युवा मंच,झरिया शाखा ने शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों के लिए अग्रवाल धर्मशाला, नया भवन में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह में शैक्षणिक, व्यावसायिक और प्रतियोगी परीक्षाओं में शानदार सफलता प्राप्त करने वाले कुल 71 विद्यार्थियों एवं युवाओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष किरण शर्मा ने की। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीए रविन्द्र कुमार पटनिया, विशिष्ट अतिथि राजकुमार अग्रवाल, डॉ. सूरज चवान, विजय सांवरिया एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय संयोजक (रक्तदान) विवेक लील्हा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर शाखा के पूर्व अध्यक्ष विवेक लील्हा को अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच में राष्ट्रीय संयोजक (रक्तदान) मनोनीत होने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मंच ने बताया कि लगभग 25 वर्षों के बाद झरिया शाखा के किसी सदस्य को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण दायित्व मिला है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। सम्मानित होने वालों में कक्षा 10वीं और 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं, उच्च शिक्षा में मेधावी प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में सफलता पाने वाले युवा और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित प्रतिभाएं शामिल थीं। अध्यक्षीय संबोधन में किरण शर्मा ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान समाज के उज्ज्वल भविष्य की नींव को मजबूत करता है। आज जो विद्यार्थी सम्मानित हो रहे हैं, वे कल समाज और राष्ट्र का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच शिक्षा, संस्कार और सामाजिक दायित्वों के प्रति सदैव समर्पित रहा है और आगे भी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का कार्य जारी रखेगा। राष्ट्रीय संयोजक विवेक लील्हा ने कहा कि झरिया शाखा सेवा, संस्कार और सामाजिक सरोकारों में हमेशा अग्रणी रही है। राष्ट्रीय स्तर पर मिला यह दायित्व पूरी शाखा का सम्मान है। उन्होंने युवाओं से समाजसेवा, रक्तदान और जनकल्याण के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

## झारखंड के कर्नल जे.के. सिंह राष्ट्रपति भवन में हिंदी कमेंटेटर, 8 जून को रक्षा अलंकरण समारोह में गूंजेगी आवाज

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : झारखंड राज्य के धनबाद के लिए गर्व का क्षण, 8 जून 2026 को शाम 5 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित रक्षा अलंकरण समारोह में झारखंड के लाल कर्नल जे.के. सिंह हिंदी कमेंटेटर की भूमिका निभाएंगे। समारोह में वे वीरता, बलिदान और राष्ट्रसेवा की गाथाओं को देश-दुनिया तक पहुंचाएंगे।यह वही समारोह है जहां भारत के सर्वोच्च वीरता और विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किए जाते हैं। समारोह के पहले चरण में जब राष्ट्र के बहादुर सैनिकों, अधिकारियों और उनके परिवारों का सम्मान होगा, तब उनकी वीरगाथाओं को शब्द देने का दायित्व कर्नल जे.के. सिंह संभालेंगे। भगवान बिरसा मुंडा की वीरभूमि का यह सपूत राष्ट्रपति भवन के ऐतिहासिक मंच से भारत



की आवाज बनेगा।कर्नल जे.के. सिंह पिछले 15 वर्षों से गणतंत्र दिवस परेड के हिंदी कमेंटेटर के रूप में देशभर में पहचान बना चुके हैं। उनकी ओजस्वी वाणी से करोड़ों दर्शक परिचित हैं। हाल ही में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रपति की उपस्थिति में उन्होंने अशोक चक्र से सम्मानित ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अलंकरण उद्धरण का वाचन किया था।जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान उन्होंने असाधारण साहस दिखाया। एक निकट युद्ध में हिजबुल मुजाहिदीन के जिला कमांडर को मार गिराने पर उन्हें बहादुरी के लिए सम्मानित किया गया।कर्नल जे.के. सिंह ने सैन्य सेवा के बाद सामाजिक क्षेत्र में भी योगदान दिया। धनबाद, रांची, हजारीबाग, दुमका और जमशेदपुर के बाल सुधार गृहों में सुधार कार्यों के लिए उन्हें झारखंड उच्च न्यायालय की किशोर न्याय समिति द्वारा प्रशंसा प्रमाण-पत्र मिला। सैनिक स्कूल तिलैया के पूर्व छात्र कर्नल सिंह ने अपनी दो एकड़ से अधिक भूमि स्वेच्छा से सरकार को लौटा दी थी, ताकि जरूरतमंदों को मिल सके।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय चंद्रवंशी समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद । एल सी रोड स्थित उत्सव भवन में अखिल भारतीय क्षत्रिय चंद्रवंशी समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का नेतृत्व समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक आजाद के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें देशभर से आए पदाधिकारियों और समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में संगठन के विस्तार, समाज की मजबूती और आगामी राष्ट्रीय परिषद की बैठक के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक के दौरान इस बात पर विशेष मंथन हुआ कि राष्ट्रीय परिषद की अगली बैठक कब और किस स्थान पर आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने, नए सदस्यों को जोड़ने और समाज




की एकजुटता को बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। समाज के धनबाद के युवा अध्यक्ष ने कहा कि समाज को संगठित करते हुए लोकतंत्र में शिक्षा, आर्थिक विकास, राजनीतिक भागीदारी और सामाजिक नेतृत्व के क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराना संगठन का प्रमुख उद्देश्य है।उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने और उनके अधिकारों तथा अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, धनबाद इकाई के युवा अध्यक्ष ने कहा कि समाज के किसी भी परिवार के सामने जब भी कोई समस्या आती है, संगठन के सदस्य अपनी क्षमता और संसाधनों के अनुसार सहायता के लिए आगे आते हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक सेवा और आपसी सहयोग ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है।बैठक में समाज के उत्थान, संगठनात्मक मजबूती और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई। कार्यकारीकारिणी बैठक में अशोक आजाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष ,अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभाआकाश कुमार रवानी, युवा प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा एवं चंद्रवंशी समाज के लोगों उपस्थित थे।

## नवचयनित आईएएस अधिकारियों ने किया मुनीडीह खदान का दौरा

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद । भारत सरकार के प्रतिष्ठित भारत दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत 2025 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों के दल ने रविवार को मुनीडीह प्रोजेक्ट का भ्रमण किया। यह दल लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी देहरादून के प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत भारत दर्शन पर निकला है। दल में अवनीश सिंह, इरा तेरवाल, ऋत्विक मेहता, प्रोस्मा अग्रवाल, अरविंद राधाकृष्णन, आस्था शरण एवं यश कुमार शामिल थे।रविवार को मुनीडीह प्रोजेक्ट माइंस पहुँचने पर उपमहाप्रबंधक सुनील कुमार पांजा ने सभी अधिकारियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात अधिकारियों को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुनीडीह प्रोजेक्ट खदान इन्कलाइन एवं वाशरी की कार्यप्रणाली, उत्पादन व्यवस्था तथा सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी दी गई।भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने भूमिगत खदान का निरीक्षण किया तथा केज के माध्यम से लगभग 500 मीटर नीचे उतरकर लोकोमोटिव द्वारा रोड हैडर द्वारा संचालित कोयला उत्खनन एवं कोयला प्रेषण की संपूर्ण प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। अधिकारियों ने आधुनिक खनन तकनीकों, सुरक्षा उपायों एवं उत्पादन प्रबंधन प्रणाली की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर प्रोजेक्ट ऑफिसर डॉ. सन्नी राव, मैनेजर बरुण मुखोपाध्याय, एरिया सेμटी ऑफिसर विद्या शंकर बर्णवाल, हिमांशु बघेल, वीटीसी मैनेजर सीता राम राउत तथा उपमहाप्रबंधक (एचआरडी) राधे श्याम दुबे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने खनन कार्यों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। अधिकारियों ने मुनीडीह परियोजना की कार्यप्रणाली, उत्पादन क्षमता तथा सुरक्षा प्रबंधन की सराहना की।

हिंदी दैनिक समाचार
ट्रूथ पथ



धनबाद, सोमवार 08 जून 2026
E-Mail:-truthpath941@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें


## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 16 वर्षीय बच्चे की मौत, पिता व एक अन्य घायल



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रामगढ़ः कुजू ओपी क्षेत्र के मुरपा कठरा टोला में रविवार की दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से पिता-पुत्र समेत एक अन्य घायल हो गया। जिसमे इलाज के क्रम में पुत्र की मौत हो गयी। जबकि पिता व एक अन्य युवक अस्पताल में इलाजरत है। जानकारी के अनुसार दोपहर में तेज बारिश के दौरान मुरपा कठरा टोला में विनोद महतो अपने 16 वर्षीय पुत्र साहिल कुमार उर्फ तूफान के अलावे एक अन्य युवक मनीष कुमार के साथ आंगन के सीढ़ी पर बैठे हुए थे। इसी बीच जोरदार आवाज के साथ अचानक आकाशीय बिजली गिरी।जिसकी चपेट में तीनों लोग आ गए।इस बीच साहिल कुमार व विनोद महतो को इलाज के लिए रांची रोड स्थित द हॉप अस्पताल ले जाया गया। जहां साहिल कुमार की मौत हो गयी. जबकि विनोद महतो गंभीर रूप से घायल है। वही मनीष कुमार को मुरपा स्थित मनोरमा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।इधर घटना की सूचना पाकर कुजू ओपी के सअनि राजेश कुमार अस्पताल पहुंचकर कर मृतक के शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## उत्पाद विभाग ने शराब भट्ठी को तोडा,200 किलो जावा महुआ को किया नष्ट



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

हजारीबाग : उत्पाद विभाग के प्रभारी सब इंस्पेक्टर भुनेश्वर नायक के नेतृत्व मे रविवार को इचाक थाना के दांगी वन क्षेत्र मे अवैध रूप से संचालित महुआ देशी शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया। इस दौरान पुलिस ने करीब 200 किलो भिगोया हुआ जावा महुआ को नष्ट कर दिया।प्रभारी भुनेश्वर नायक ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि दांगी जंगल मे अवैध देशी शराब निर्माण का धंधा चल रहा है।सूचना के सत्यापन के बाद सशस्त्र बल के जवानों के साथ छापेमारी कर अवैध रूप से संचालित शराब भट्ठी को तोडा गया।पुलिस आने की भनक लगते ही शराब कारोबारी घने जंगल का लाभ उठाते हुए भाग गए।

## लेवी की मांग को लेकर मिली धमकी के बाद,कड़ी सुरक्षा के बीच नेशनल हाईवे 39 पर कार्य ने पकड़ी रफ्तार



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

लोहरदगा : लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 39 कुडू से लातेहार के उदयपुरा तक निर्माणधीन बाईपास फोरलेन सड़क निर्माण कार्य रविवार से रफ्तार पकड़ चुका है। कुख्यात राहुल सिंह गैंग के द्धारा लेवी की मांग को लेकर आए कार्य से जुड़े कर्मी के पास धमकी भरा फोन आने के बाद शनिवार शाम को ही कुडू पुलिस ने सुरक्षा के इंतजाम कर दिया था।एक पुलिस अधिकारी के साथ चार जवान कार्य स्थल पर तैनात किया गया जबकि एक पुलिस अधिकारी के साथ बाइक दस्ता कार्य कर रहे कर्मियों व मजदुरो की सुरक्षा के लिए लगाया गया है।बताया जाता है कि शनिवार को कुख्यात राहुल सिंह गैंग के द्धारा भारत माला परियोजना के तहत लगभग 861 करोड़ की लागत से कुडू के ढुलुवाखुंटा से लातेहार के उदयपुरा तक फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है।

दो दिन पहले वाट्स एप मैसेज के माध्यम से कार्य से जुड़े एक अधिकारी को राहुल सिंह गैंग के नाम से मैसेज भेजकर बगैर मैनेज किए काम शुरू करने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी गई थी। शनिवार को इस संबंध में कुडू थाना में मामला दर्ज कराया गया था साथ सी शाम से ही सुरक्षा व्यवस्था मुहैया करा दी गई थी।रविवार को अतिरिक्त पुलिस बल कार्य स्थल पर तैनात किया गया साथ ही पुलिस के बाइक दस्ता को कार्य की अवधि में लगातार गश्ती करने का निर्देश दिया गया है।थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य से जुड़े कर्मियों व मजदुरो को पुरी सुरक्षा दी जाएगी साथ ही पुलिस गश्ती बढ़ा दिया गया है।

## वज्रपात और तेज आंधी-बारिश का कहर, युवक की मौत, कई जगह पेड़ गिरे

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रामगढ़ : रामगढ़ में रविवार को मौसम के अचानक बदले मिजाज ने तबाही मचा दी। तेज आंधी, बारिश और वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि शहर के कई इलाकों में पेड़ टूटकर गिर गए।रामगढ़ प्रखंड के गंडके पाहन टोला निवासी 30 वर्षीय राजु मुंडा की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गई।वह खेत में काम करने गया था, तभी तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई।बारिश से बचने के लिए वह खेत किनारे आम के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। इसी दौरान ठनका गिरने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।तेज आंधी और हवा के कारण रामगढ़ शहर के कई इलाकों में पेड़ टूटकर गिर गए, जिससे कुछ जगहों पर आवागमन भी प्रभावित हुआ।गांव के समाजसेवी योगेंद्र गंझु ने प्रशासन से मृतक के परिजनों को सरकारी मुआवजा देने की मांग की है।

# ट्रैक्टर दुर्घटना में चालक की मौत, अवैध बालू कारोबार पर उठे सवाल



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

हजारीबाग : अवैध बालू परिवहन के दौरान हुई एक दर्दनाक ट्रैक्टर दुर्घटना में रविवार को चालक अनिल भोक्ता 17 वर्ष पिता महाबीर भोक्ता की मौत की मौत मौके बारदात हो गयी।घटना की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गया।सूचना के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं पुलिस प्रशासन पहुंची.तब तक चालक मौत के गाल में शमा चुका था।घटना के बाद पूरे इलाके में बालू कारोबार,परिवहन व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी तंत्र पर सवाल खड़े हो गए हैं।घटना के बाद लोगों के बीच यह चर्चा तेज हो गई है।भगहर के ढाढ़र नदी से बालू लदा ट्रैक्टर तेज रफ्तार से बसरिया को ओर आ रहा था।तभी पत्थलकुदवा के पास चालक ट्रैक्टर पर से अपना नियंत्रण खो बैठा।ट्रैक्टर को अनियंत्रित होता देख चालक ने ट्रैक्टर पर से कूद कर अपना जान बचाने का प्रयास किया।तब तक ट्रैक्टर का डाली उसी पर पलट गया.और वह बालू के अंदर दब गया।बड़ी मशक्कत के बाद चालक के शव को पुलिस ने जेसीबी मशीन के सहारे बाहर निकला जा सका।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बरही भेज दिया है.हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।वहीं ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।स्थानीय लोगों का कहना है.क्षेत्र में लंबे समय से अवैध बालू खनन और परिवहन का खेल जारी है।रात के अंधेरे से लेकर दिनदहाड़े तक बिना किसी सुरक्षा मानक के ट्रैक्टर और अन्य वाहन सड़कों पर दौड़ते नजर आते हैं।न तो वाहनों की फिटनेस की जांच होती है और न ही चालकों की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस व्यवस्था दिखाई देती है।

ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब अवैध बालू ढुलाई की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं।तो संबंधित विभाग और निगरानी एजेंसियां कार्रवाई करने में क्यों विफल रहीं।लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जाता तो शायद एक परिवार का सहारा आज जिंदा होता।घटना के बाद प्रशासन ने जांच की बात कही है लेकिन क्षेत्रवासियों का मानना है कि केवल जांच नहीं,बल्कि अवैध बालू कारोबार के पूरे नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।अवैध कारोबार के संचालक,परिवहन व्यवस्था की लापरवाही या फिर निगरानी तंत्र की चुप्पी? जनता इस सवाल का जवाब चाहती है।ट्रैक्टर बुढ़ियाडाबर गांव के कैलास यादव का बताया जा रहा है।पुलिस मामले की जांच में जुट गई हैचौपारण में एक्सर देखा जा रहा है।ट्रैक्टर के चालक कम उम्र के होते है।उनके पास नही तो गाड़ी चलाने के लिए लाइसेंस होता है और नही कोई अन्य प्रमाण पत्र।ट्रैक्टर मालिक कम उम्र के युवक से ट्रैक्टर इस लिए चलवाते है की उन्हें कम पैसा देना पड़ता है।कम उम्र के युवक ट्रैक्टर काफी तेजगति से चलाते है।

## बिजली सुविधा से वंचित परिवारों ने सांसद से लगाई मदद की गुहार



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

दुमका : दुमका प्रखंड के पत्थरपानी गांव के कई ग्रामीण रविवार को काठीकुंड स्थित सांसद नलिन सोरेन के आवास पहुंचे और अपने टोला में बिजली सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के अधिकांश हिस्सों में बिजली पहुंच चुकी है, लेकिन उनके मोहल्ले के करीब 8 से 10 परिवार आज भी विद्युत कनेक्शन से वंचित है. ग्रामीणों के अनुसार उनके घर मुख्य विद्युत लाइन से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित है।इस क्षेत्र में अब तक न तो बिजली के खंभे लगाए गए हैं और न ही तार बिछाए गए हैं, जिसके कारण परिवारों को अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, वहीं गर्मी के मौसम में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए वे कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है।ऐसे में उन्होंने सांसद से हस्तक्षेप कर जल्द बिजली व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की।मामले को गंभीरता से लेते हुए सांसद नलिन सोरेन ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी मांग को संबंधित विभाग के समक्ष उठाया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई के लिए पहल की जाएगी।उन्होंने ग्रामीणों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत उपभोक्ता पंजीकरण कराने की सलाह देते हुए कहा कि सभी औपचारिकताएं पूरी होने पर बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने में सुविधा होगी।

## असाध्य बीमारियों से जूझ रहे 11 मरीजों को सांसद नलिन सोरेन ने प्रदान किया सहायता राशि का चेक, कहा गंभीर बीमारी से जूझ रहे परिवारों को सरकार दे रही संबल



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

दुमका : मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी सहायता योजना के तहत दुमका सांसद नलिन सोरेन ने रविवार को काठीकुंड के शिवतल्ला स्थित अपने निजी आवास पर आयोजित कार्यक्रम में लाभुकों एवं उनके परिजनों को सहायता राशि के चेक प्रदान किए।सांसद की अनुशंसा पर काठीकुंड प्रखंड के कुमिरकट्टा गांव के मिस्त्री बेसरा तथा बिछियापहाड़ी के जमशेद मियां को 30-30 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत हुई।विधायक आलोक कुमार सोरेन की अनुशंसा पर लखनपुर के प्रिंस विवेक देहरी कदमा के सज्जाद अली तथा रामपुर की नुरेशा बीबी को 30-30 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई।इसी प्रकार शिकारीपाड़ा प्रखंड के दिगलपहाड़ी निवासी सद्दाम अंसारी और शिवतल्ला की जैनब बीबी को सांसद की अनुशंसा पर 40-40 हजार रुपये, रानीश्वर प्रखंड के वृंदावनी निवासी पंकज कुमार टुडू को 40 हजार रुपये तथा जगदीशपुर की मेरी टुडू एवं कालाकांटा की रुमा घाघड़ (पुत्र कैंसर रोग से पीड़ित) को विधायक की अनुशंसा पर 30-30 हजार रुपये का चेक दिया गया। वहीं रामगढ़ प्रखंड के पुनसिया गांव की रोजमेरी मुर्मू (किडनी रोग) को सांसद की अनुशंसा पर 30 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत हुई. इन मामलों में लाभुक या उनके परिजन कैंसर, किडनी रोग, हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों से गुजर रहे है।कार्यक्रम में कई लाभुक स्वयं उपस्थित हुए,जबकि गंभीर बीमारी अथवा अन्य कारणों से उपस्थित नहीं हो पाने वाले लाभुकों की ओर से उनके परिजनों ने चेक प्राप्त किया।इस दौरान सांसद नलिन सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी सहायता योजना आर्थिक रूप से कमजोर और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है।कैंसर, किडनी, हृदय एवं अन्य गंभीर रोगों के उपचार में काफी खर्च आता है, जिससे कई परिवार आर्थिक संकट में पड़ जाते है।राज्य सरकार ऐसे जरूरतमंद मरीजों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी कोशिश है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सिर्फ आर्थिक अभाव के कारण इलाज से वंचित न रहे।हमारी जिम्मेदारी है कि जरूरतमंद लोगों को चिन्हित कर योजनाओं का लाभ दिलाएं, ताकि उन्हें समय पर बेहतर उपचार मिल सके।

## आदिवासी उरांव सरना समिति की बैठक, सामाजिक एकजुटता बनाये रखने पर जोर

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

सरायकेला : जिले के खरसावां स्थित मोसाडीह (सरना चौक) में आदिवासी उरांव सरना समिति की बैठक ग्राम प्रधान मंगला उरांव की अध्यक्षता में हुई।बैठक में समाज के सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।समाज के हर स्तर पर सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान आदिवासी उरांव समाज की रूढ़िगत परंपराओं, रीति-रिवाजों, कला-संस्कृति, भाषा-लिपि तथा कुडुख भाषा की पहचान को संरक्षित एवं सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने पर भी विचार किया गया। इसमें सामाजिक आयोजनों में आर्थिक बोझ कम करने के साथ साथ कर्जमुक्त समाज, नशामुक्त समाज, दहेजमुक्त विवाह व्यवस्था तथा बाल विवाह उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई।बैठक में जन्म संस्कार, विवाह संस्कार एवं मरण संस्कार से जुड़े नेग नियमों के पालन को आवश्यक बताते हुए एक स्वस्थ और संगठित समाज के निर्माण पर बल दिया गया।मुखिया इंद्रजीत उरांव ने विवाह व्यवस्था, संस्कार एवं नेग-नियमों की विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने इन परंपराओं को समाज का मूल आधार बताते हुए सभी से सामाजिक नेग-नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि संस्कारों और परंपराओं के अनुरूप जीवनशैली अपनाने से समाज में एकता, अनुशासन और सद्भाव मजबूत होता है।वहीं रीमा उरांव ने मरण संस्कार से जुड़े नियमों पर प्रकाश डाला।शिक्षा के महत्व पर शिक्षक हरेन उरांव ने विस्तृत जानकारी दी, जबकि शिक्षक भागरथी उरांव ने नशामुक्त समाज के निर्माण पर अपने विचार रखे। इस दौरान सामाजिक नेग नियमों का अनुपालन करने के प्रति भी समाज के लोगों को प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जमशेदपुर के प्रभारी प्राचार्य वीरेंद्र उरांव ने समाज में एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया।साथ ही युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकता ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। लोगों से मातृभाषा को बढ़ावा देते हुए अपने बच्चों को पढ़ा लिखा कर शिक्षित बनाने की अपील की।कार्यक्रम का संचालन बाबा कार्तिक उरांव पुस्तकालय के अध्यक्ष धर्मेंद्र उरांव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक हिरु उरांव द्वारा दिया गया।बैठक में पंचायत समिति सदस्य रीमा उरांव, वार्ड सदस्य सुमन मिंज सुनिल कुमार टोप्पो, धरणीसेन उरांव, देबु उरांव, जयराम उरांव, पाहन सह ग्राम प्रधान बिर सिंह उरांव, मथुरा उरांव, गोविंद उरांव, धीरेन सेन उरांव, संतोष उरांव, काली चरण उरांव, मकुंद उरांव, कार्तिक उरांव, शालीग्राम उरांव, राधु उरांव, दशरथ उरांव समेत बिटापुर, सोखानडीह, शहरबेडा, नाराणडीह, सकुलटांड, कदमबेडा, बांधडीह, मोसोडीह, तेंतुलटांड, पदमपुर आदि गांव से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

# आपन सरस्वतिया की निगरानी में लगा ड्रोन, गूगल अर्थ और आधा दर्जन जेसीबी



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

गढ़वा : गढ़वा जिले में जनसहभागिता और प्रशासन के अनूठे मेल से चल रहा ह्लआपन सरस्वतियाह्व अभियान अब एक बड़े सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुका है। रविवार को इस महाअभियान ने एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया, जहां गढ़वा शहर में इसके 14 दिन और मेराल क्षेत्र में 7 दिन पूरे हो गए।नदी को पुनर्जीवित करने के लिए रविवार को आधा दर्जन जेसीबी मशीनें और ट्रैक्टर जमीन पर उतारे गए।इस अभियान की सबसे खास बात यह है कि नदी को उसका पुराना स्वरूप लौटाने के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है।नदी के बहाव क्षेत्र, गाद की स्थिति और वास्तविक रुकावटों का पता लगाने के लिए ड्रोन कैमरों की मदद ली जा रही है। तेनार गांव के नागेंद्र प्रजापति इस नेक काम के लिए अपनी ड्रोन सेवाएं बिल्कुल मुफ्त (निःशुल्क) दे रहे हैं नदी के पूरे प्रवाह क्षेत्र का सटीक मूल्यांकन करने और भविष्य की कार्ययोजना तैयार करने के लिए गूगल अर्थ का भी सक्रिय सहयोग लिया जा रहा है।तकनीक के इस इस्तेमाल से काम में काफी सटीकता आ रही है।ध्वस्त की गईं अवैध संरचनाएं

सरस्वतिया नदी को उसका मूल और प्राकृतिक स्वरूप वापस दिलाने के लिए प्रशासन इस बार बेहद गंभीर मोड में है।अभियान के तहत नदी क्षेत्र में सालों से रोड़ा अटका रहे कई स्थाई और अस्थाई अतिक्रमित ढांचों को ध्वस्त कर दिया गया।इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप है और उन्हें साफ संदेश दे दिया गया है कि नदी की जमीन पर कोई समझौता नहीं होगा।वही मेराल क्षेत्र में बीडीओ सह अंचलाधिकारी यशवंत नायक के नेतृत्व में नदी को न्यूनतम 50 फीट या उससे अधिक की चौड़ाई दी जा रही है, ताकि पानी का प्राकृतिक प्रवाह सुचारू हो सके।अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने रविवार को गढ़वा और मेराल दोनों क्षेत्रों का निरीक्षण किया।उन्होंने कहा कि यह अभियान अब सिर्फ एक सफाई कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसहभागिता का बड़ा आंदोलन है।समाज और प्रशासन मिलकर बिना किसी विशेष सरकारी बजट के भी इतना बड़ा बदलाव ला रहे हैं।

## दो दिनों से लापता 18 वर्षीय प्रमोद कुमार का शव बरामद, इलाके में भारी तनाव



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

चतरा : कान्हा चट्टी प्रखंड के राजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गड़िया गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब पिछले दो दिनों से लापता प्रमोद कुमार का शव गड़िया नदी से महज 200 मीटर की दूरी पर बरामद किया गया। इस खौफनाक मंजर को देखते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई है।परिजनों के मुताबिक, प्रमोद पिछले दो दिनों से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता था। जिसकी तलाश आसपास के इलाकों में की जा रही थी। आज सुबह जब कुछ ग्रामीणों ने नदी के पास झाड़ियों में शव को देखा, तो उनके होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है और उनका रो-रोकर बुरा हाल है।घटना की सूचना मिलते ही राजपुर थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंच चुकी है। पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास से सबूत इकट्ठा कर रही है ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके। इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात है और मामले की हर पहलू से गहन जांच की जा रही है।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन ने बोकारो में नम आंखों से दी मौसी को श्रद्धांजली

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

बोकारो : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद नीतिन नवीन रविवार को बोकारो के सिटी सेंटर सेक्टर चार में अपनी मौसी शोभा रानी लाल की श्रद्धांजली सभा में शामिल हुये।आयोजन चित्रगुप्त महापरिवार बोकारो जिला की ओर से किया गया था।यहां उल्लेखनीय है कि स्व. शोभा रानी लाल महापरिवार के महासचिव भैया प्रीतम की मां थी।नीतिन नवीन रांची से सीधे श्रद्धांजली सभा स्थल पहुंचे। यहां अपनी मौसी स्व. शोभा रानी लाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया।इस दौरान नीतिन नवीन के साथ-साथ परिजनों की आंखें भी नम हो गयी।कुछ पुरानी यादें व बातें ताजा हो गयी।नीतिन नवीन ने सिटी सेंटर में मौसी के नाम एक वट का पौधा लगाया।कार्यक्रम में धनबाद विधायक राज सिन्हा, बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन, चित्रगुप्त महापरिवार बोकारो जिला के मुख्य सलाहकार अरुण सिन्हा, अध्यक्ष रमण सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्षगण रतन लाल व संजय सिन्हा, संयुक्त महासचिव ललेश सिंहा व अनूप सिंहा, सह कोषाध्यक्ष राज श्रीवास्तव, वरिष्ठ सदस्य सुरेंद्र सिंहा, ललित सिन्हा, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, ललित वर्मा, ओंकार सिंहा, राजेश सहाय, राजेश श्रीवास्तव के अलावा कथारा, करगली, तेनुघाट, पेटरवार, रामगढ़, धनबाद, चंद्रपुरा, बोकारो थर्मल, गोमिया से सदस्य शामिल हुए।

# काठीकुंड भाजपा की बैठक में संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों पर मंथन



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

दुमका : भारतीय जनता पार्टी की काठीकुंड मंडल इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को मंडल अध्यक्ष अभिजीत सुमन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की।मौके पर कार्यक्रम प्रभारी मार्शल ऋषि राज टुडू ने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर जोर देते हुए कार्यकताओं को पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। आगामी ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम के सफल आयोजन, व्यापक वृक्षारोपण अभियान तथा एस-।आईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करे, साथ ही उन्होंने सभी पदाधिकारियों से पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए समन्वित रूप से कार्य करने का आग्रह किया।मंडल अध्यक्ष अभिजीत सुमन ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकताओं की सक्रियता और समर्पण पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को नियमित रूप से बूथ स्तर पर संपर्क अभियान चलाने और आम लोगों की समस्याओं से जुड़ने का निर्देश दिया।बैठक में जगतनारायण राय, बिनोद मंडल, राजकिरण दत्ता, रामविलास ठाकुर, शंभू पाल, शशिकांत साह, राजकिशोर भगत, शांति हांसदा, नरेश ठाकुर, मुनीलाल भंडारी, जयप्रकाश मंडल, देवकांत राय, दुलाल सिंह, जगदीश सिंह सहित मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 35 दिनों बाद फिर खुला विक्रमशिला सेतु, शुरू हुई वाहनों की आवाजाही, भारी वाहनों पर अभी भी रोक

भागलपुर, (एजेंसी) :पूर्वी बिहार की जीवनरेखा माने जाने वाले विक्रमशिला सेतु पर करीब 35 दिनों बाद रविवार दोपहर से वाहनों की आवाजाही फिर शुरू हो गई है। पुल के एक हिस्से के क्षतिग्रस्त होने के कारण 3 मई की मध्यरात्रि से यातायात पूरी तरह बंद था। अब मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है। मालूम हो कि 3 मई को सेतु के पोल संख्या 133 के पास स्थित एक बड़े स्लैब का स्ट्रक्चर सपोर्ट टूट गया था, जिससे लगभग 34 मीटर लंबा हिस्सा गंगा नदी में गिर गया। इस घटना के बाद भागलपुर जिला मुख्यालय और नवगछिया अनुमंडल के बीच सीधा संपर्क टूट गया था। इसके कारण कोसी-सीमांचल और पूर्वी बिहार के लाखों लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यातायात बाधित होने के बाद प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नाव और स्टीमर सेवाएं शुरू करवाई थीं। बाद में सरकार ने यात्रियों के लिए इन सेवाओं को निशुल्क कर दिया और नाविकों व स्टीमर संचालकों को सरकारी निधि से भुगतान की व्यवस्था की गई।

* बीआरओ ने रिकॉर्ड समय में तैयार किया बेली ब्रिज

हादसे के बाद तकनीकी जांच के लिए विशेषज्ञों की टीम लगाई गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर मरम्मत की जिम्मेदारी सीमा सड़क संगठन को सौंपी गई। बीआरओ ने क्षतिग्रस्त हिस्से पर रिकॉर्ड समय में बेली ब्रिज का निर्माण पूरा कर लिया। अधिकारियों के अनुसार यह देश का पहला ऐसा मामला है, जहां मुख्य पुल के ऊपर ही बेली ब्रिज स्थापित किया गया है। साथ ही तीन अन्य कमजोर स्लैबों को अतिरिक्त लोहे के बेली ब्रिज के जरिए मजबूत किया गया है ।यातायात बहाल होने के बावजूद फिलहाल बसों और भारी वाहनों को पुल से गुजरने की अनुमति नहीं होगी। अनुमति प्राप्त वाहन कार, जीप, बाइक, साइकिल, ऑटो, टोटो एवं अधिकतम 10 टन वजन वाली छोटी लोडेड गाड़ियां हैं।



पुल की सुरक्षा और यातायात नियंत्रण के लिए प्रशासन ने विशेष नियम लागू किए हैं।

एक समय में केवल एक वाहन को बेली ब्रिज पार करने की अनुमति होगी ।दोनों ओर 15-15 मिनट का वन-वे ट्रैफिक सिस्टम लागू रहेगा।

वाहनों की गति और भार पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

सेतु के दोनों ओर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। रात में बेहतर दृश्यता के लिए वेपर लाइट्स की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा लोहे की जाली, बैरिकेडिंग और पुलिस पिकेट स्थापित किए गए हैं। ट्रैफिक की निगरानी के लिए एक नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है। जिला प्रशासन का कहना है कि यातायात बहाली के बाद भी लगातार निगरानी जारी रहेगी। बरारी और जाह्नवी घाट पर मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है।

बहरहाल विक्रमशिला सेतु पर यातायात बहाल होने से भागलपुर, नवगछिया, कोसी और सीमांचल क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिली है। हालांकि फिलहाल कुछ प्रतिबंध लागू रहेंगे, लेकिन क्षेत्रीय संपर्क और आवागमन में उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वस्थ जीवन के लिए अनिवार्य है स्वच्छ और संतुलित पर्यावरण : डॉ प्रमोद



### सीएचसी फतेहपुर में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

### स्वास्थ्यकर्मियों ने पौधों के संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का लिया संकल्प

फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) : फतेहपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार निराला के नेतृत्व में अस्पताल परिसर में नीम, आम, तुलसी सहित 25 से 30 औषधीय एवं छायादार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर डॉ. निराला ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ और संतुलित पर्यावरण अनिवार्य है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण ही पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी लोगों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने तथा उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों ने पौधों के संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। साथ ही लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर डॉ. ईलिका भारती, संदीप कुमार, अनिल कुमार समेत स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मी उपस्थित रहे।

### मांझी में विदेशी शराब के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

सारण, (एजेंसी) : छपरा में शराब माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई



की गई है। मद्य निषेध इकाई पटना और मांझी थाना पुलिस ने एक संयुक्त विशेष अभियान में जय प्रभा सेतु के एप्रोच मोड़ मांझी-बलिया मोड़ के पास से शराब से लदे एक 10 चक्का कंटेनर ट्रक को जब्त किया है ।गुप्त सूचना के आधार पर लगाए गए इस सघन चेकिंग अभियान के दौरान, पुलिस ने धान की भूसी के बीच छुपाकर रखी गई भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की ।ट्रक की तलाशी लेने पर कुल 9,425.16 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई, जिसे पंजाब से लोड कर बिहार में डिलीवरी के लिए लाया जा रहा था। इसके साथ ही मौके से 14,000 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है।

पुलिस को देखकर भाग रहे ट्रक चालक को जवानों ने घेराबंदी कर दबोच लिया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान पुनमा राम बाड़मेर, राजस्थान निवासी के रूप में हुई है। मांझी थाना में कांड संख्या-291/26 दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा जा रहा है ।फिलहाल, पुलिस इस अंतर्राज्यीय शराब तस्कर नेटवर्क, सप्लाई चेन और लाइनर के रूप में सक्रिय मुख्य चेहरों की कुंडली खंगालने में जुटी है।

### नगरपालिका चुनाव के लिए पहुंचीं नवनिर्मित एस तीन मल्टीपोस्ट ईवीएम



सारण, (एजेंसी) : बिहार नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 की तैयारियों के तहत राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार शनिवार देर रात नवनिर्मित एस तीन मल्टीपोस्ट ईवीएम छपरा लाई गईं।

जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार की उपस्थिति में सुरक्षा मानकों की जांच के बाद, इन्हें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छपरा सदर के कैंटीन भवन स्थित वेयरहाउस में सीलबंद कर भंडारित किया गया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे ।सारण जिला को इस निर्वाचन के लिए ईसीआईएल द्वारा नवनिर्मित एस तीन मॉडल की 500 कंट्रोल यूनिट तथा 1500 बैलेट यूनिट उपलब्ध कराई गई हैं। इस साल जून-जुलाई में प्रस्तावित उत्क्रमित सोनपुर नगर परिषद के तीनों पदों और आसन्न नगर पंचायत के सभी छह पदों का चुनाव इसी आधुनिक ईवीएम से संपन्न कराया जाएगा ।राज्य निर्वाचन आयोग की इस अनूठी पहल के तहत, इस ईवीएम के महज एक कंट्रोल यूनिट से पदवार बैलेट यूनिट को जोड़कर नगर निकाय के तीनों और पंचायत के सभी छह पदों का चुनाव एक साथ कराया जा सकता है। यह अधिकतम आठ पदों के लिए सक्षम है। इसमें एक सिक्योर्ड मेमोरी मॉड्यूल है जो सभी प्रत्याशियों का डेटा सुरक्षित रखेगा। साथ ही टोटलाइजर तकनीक से मतगणना के समय त्रुटिरहित सांख्यिकीय गणना तुरंत प्रदर्शित होगी, जिससे समय की बचत के साथ-साथ वाहन एवं मानव बल पर होने वाला खर्च भी काफी कम हो जाएगा।

### परसा में 43वीं जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न

सारण, (एजेंसी) : परसा सारण जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में स्थानीय हाई स्कूल स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय 43वीं जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन हो गया ।समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री सह विधायक कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया ।खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए विधायक मंटू सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ऐसी जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत सराहनीय है, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच मिलता है। उन्होंने एथलेटिक्स संघ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जैसे पत्थर को तराश कर हीरा बनाया जाता है। दो दिनों तक चली विभिन्न स्पधाओं के बाद बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर मकेर क्लब के रोहित कुमार को बेस्ट पुरुष खिलाड़ी सबसे तेज धावक और स्टूडेंट क्लब अमनौर की रुखसार खातून को बेस्ट महिला खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।


## विश्व साइकिलिंग दिवस पर छपरा में साइकिल रैली का आयोजन



सारण, (एजेंसी) : विश्व साइकिलिंग दिवस के अवसर पर स्थानीय राजेंद्र स्टेडियम से एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन एवं साइकिलिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस रैली का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा युवाओं को फिटनेस के प्रति प्रेरित करना था ।रैली का शुभारंभ जिला खेल पदाधिकारी मोहम्मद शमीम अंसारी और साइकिलिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्वयं साइकिल चलाकर किया। इस अवसर पर शहर के युवाओं और खेल प्रेमियों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया ।जिला खेल पदाधिकारी मोहम्मद शमीम अंसारी ने कहा कि साइकिलिंग स्वास्थ्य, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण तीनों को एक साथ बढ़ावा देती है। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया ।एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजीव चौधरी ने साइकिलिंग को फिटनेस का सुलभ माध्यम बताते हुए जिले में इस खेल को व्यापक स्तर पर विकसित करने का संकल्प जताया ।वहीं आनंद वर्मा ने कहा कि साइकिलिंग स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होने के साथ-साथ आर्थिक बचत का भी बेहतरीन जरिया है। अंत में साइकिलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ देव कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों और आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जीतन राम मांझी ने संतोष सागर को टनकुप्पा प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि किया नियुक्त

फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) : :गया संसदीय क्षेत्र के टनकुप्पा प्रखंड में विकास कार्यों को गति देने और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से संतोष सागर को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। यह मनोनयन केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री व गया सांसद जीतन राम मांझी द्वारा किया गया है ।टनकुप्पा प्रखंड के ग्राम उतली निवासी संतोष सागर अब प्रखंड स्तर पर सांसद प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे। उन्हें क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं की निगरानी, आम लोगों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने तथा जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने की सूचना मिलते ही क्षेत्र के सामाजिक कार्यकताओं और ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया। लोगों ने



उम्मीद जताई कि संतोष सागर के सक्रिय नेतृत्व में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी पहल होगी। उनके मनोनयन को टनकुप्पा प्रखंड के विकास और जनसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## गरीबी नहीं बनीं बाधा, अग्निवेश ने जेईई में सफलता का गाड़ा झंडा व एससी वर्ग में हासिल की 503वीं रैंक

### जेईई मेंस और एडवांस्ड दोनों में शानदार प्रदर्शन, एनडीए लिखित परीक्षा भी की पास

फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) : सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम के बल पर फतेहपुर प्रखंड के जम्हेता गांव निवासी चौकीदार चंद्र अभिनय उर्फ कक्कू के पुत्र अग्निवेश कुमार ने सफलता की ऐसी कहानी लिखी है, जो क्षेत्र के हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। अग्निवेश ने जेईई मेंस एवं जेईई एडवांस्ड परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर अपने गांव और प्रखंड का गौरव बढ़ाया है। जेईई मेंस 2026 में अग्निवेश ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 18 हजार प्राप्त की, जबकि अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग में 503वीं रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। वहीं जेईई एडवांस्ड परीक्षा में



उन्होंने एआईआर 22 हजार तथा एससी वर्ग में 1,337वीं रैंक प्राप्त की। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की लिखित परीक्षा भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। अग्निवेश ने हरियाणा के करनाल में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और नियमित अध्ययन को दिया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। घर लौटने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने उनका सम्मान कर बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों का कहना है कि अग्निवेश ने यह साबित कर दिया है कि कठिन परिस्थितियां सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकतीं। उनकी उपलब्धि क्षेत्र के विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी।

कुछ अन्य दमदार शीर्षक विकल्प :

संघर्ष से शिखर तकः चौकीदार के बेटे अग्निवेश ने जेईई में दिखाई प्रतिभा की चमक गरीबी नहीं बनी बाधा, अग्निवेश ने जेईई और एनडीए में सफलता का गाड़ा झंडा मेहनत ने बदली तकदीरः चौकीदार पुत्र अग्निवेश की जेईई में शानदार उड़ान हौसलों की जीतः साधारण परिवार के अग्निवेश ने रचा सफलता का नया अध्याय

## छपरा जंक्शन पर ट्रेन से विदेशी शराब बरामद



सारण, (एजेंसी) : वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी और सहायक सुरक्षा आयुक्त छपरा के दिशा-निर्देशन में छपरा जंक्शन पर आरपीएफ पोस्ट और सीआईबी की टीम को सफलता मिली है।

गाड़ी संख्या 04137 ग्वालियर-बरौनी स्पेशल एक्सप्रेस के छपरा जंक्शन पहुंचने पर, सुरक्षा बलों ने आपराधिक गतिविधियों पर निगरानी के दौरान कोच संख्या बी एक के शौचालय के पास से तीन लावारिस पिट्ठू बैग बरामद किए ।बैगों की तलाशी लेने पर उनमें से अवैध विदेशी शराब बरामद हुई। बरामद खेप में कुल 44 लीटर शराब जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 38,280 रुपए आंकी गई है।

इस संयुक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक विशाल, स.उ.निरी. बृज सुंदर कुमार, हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार शाह, रामसूरत यादव और कांस्टेबल संजय यादव, मुकेश कुमार सिंह व अमित कुमार सिंह शामिल रहे।

जब्त शराब को अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी छपरा को सौंप दिया गया है, जहां बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम की धारा तीस ए के तहत मामला पंजीकृत किया गया है।

## स्कूल की गाड़ी से अवैध बालू खनन पर की गई छापेमारी, दो ट्रैक्टर जब्त

### फतेहपुर में ढाढ़र नदी के डुमरीचट्टी घाट पर हुई छापेमारी

### कार्रवाई की भनक लगते ही चालक व मजदूर मौके से फरार

### माइनिंग अधिकारी की शिकायत पर अवैध खनन मामले में फतेहपुर थाना प्राथमिकी दर्ज



फतेहपुर (गया जी) (एजेंसी) : फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र की ढाढ़र नदी के डुमरीचट्टी घाट पर अवैध बालू खनन के खिलाफ माइनिंग विभाग की टीम ने छापेमारी कर दो ट्रैक्टर जब्त की। हालांकि इस कार्रवाई के दौरान अवैध खनन कार्य में लगे चालक और मजदूर टीम को देखते ही मौके से फरार हो गए। मिली सूचना पर माइनिंग विभाग की टीम स्कूल की गाड़ी से अवैध बालू खनन के खिलाफ छापेमारी करने पहुंची थी। बताया गया है कि गया खनन विभाग को फतेहपुर प्रखंड के ढाढर नदी घाटों से बालू के अवैध खनन की लगातार सूचना मिल रही थी। सूचना पर खनन विभाग गया के खान निरीक्षक नवीन कुमार के नेतृत्व में खनन विभाग की टीम स्कूल के मैजिक वाहन से फतेहपुर प्रखंड की ढाढ़र नदी के डुमरीचट्टी घाट पर सुबह में पहुंची। इस कारण अवैध खनन में लगे लोगों को इस कार्रवाई की भनक पहले से नहीं लग सकी। अचानक हुई छापेमारी से अवैध खनन में संलिप्त लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। टीम ने मौके से बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया। हालांकि कार्रवाई के दौरान भनक लगते ही चालक व मजदूर मौके से बचकर फरार हो गए। खान निरीक्षक नवीन कुमार ने बताया कि जब्त दोनों ट्रैक्टरों को सुरक्षित रूप से फतेहपुर थाना परिसर में रखा गया है। इस संबंध में उनके द्वारा माइनिंग अधिकारी की लिखित शिकायत पर फतेहपुर थाना में अवैध खनन का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस और माइनिंग विभाग आगे की कार्रवाई में जुटे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा।

## संपादकीय

# कॉकरोच का जंतर मंतर में प्रदर्शन अरुण जेटली और सीजेआई संयोग?

संसद में जब विपक्षी दल सरकार पर नोटबंदी को लेकर विरोध जता रहे थे उस समय पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा था जनता को यदि परेशानी होती तो वह सड़कों पर होती। जनता को नोटबंदी से कोई परेशानी नहीं है, विपक्षियों को नुकसान हुआ है इसलिए वह विरोध जता रहे हैं। कुछ समय पहले मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत जी ने बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच की पहचान से नवाजा था। इसके विरोध में सारे युवा एकजुट हो रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार शिक्षा, रोजगार, नौकरी और स्वास्थ्य सेवाएं नहीं दे पा रही है। स्नातक और पर परास्नातक की डिग्री लेने के बाद भी युवा बेरोजगार होकर यहां से वहां घूम रहे हैं। नीट जैसी परीक्षा के पेपर लीक हो रहे हैं। हर परीक्षा में धांधली हो रही है। ऐसी स्थिति में युवाओं के बारे में जो टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने की उसने युवा कॉकरोच को सड़कों पर लाकर खड़ा कर दिया है। रही सही कसर नीट परीक्षा का पेपर लीक होना तथा सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में जिस तरह की गड़बड़ी हुई है उसमें जो भ्रष्टाचार हुआ है उसको लेकर लाखों छात्र और उनके परिवारजन सड़कों पर आने के लिए विवश हुए हैं। 6 जून काकरोचों के लिए एक ऐतिहासिक दिन साबित होने जा रहा है। जब अमेरिका से आकर दीपक अभीजीते के नेतृत्व में हजारों लोगों की भीड़ जंतर मंतर पर पहुंच गई। यह भीड़ अपनी लड़ाई अब स्वंय लड़ने के लिए देश भर में इकट्ठी हो रही है। पिछले कुछ वर्षों से सरकार असंवेदनशील होती चली जा रही है। जन आंदोलनो को सख्ती के साथ दबाया जा रहा है। किसान आंदोलन से लेकर अभी तक जितने भी आंदोलन हुए हैं, सरकार ने आंदोलनो को दबाने के लिए पुलिस का सहारा समय-समय पर लिया है। लाठी चार्ज, वाटर कैनिंग, आंसू गैस के गोले इत्यादि का प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ दिया जाता है, लेकिन उनके द्वारा जिन समस्याओं को लेकर आंदोलन किए जा रहे थे उन पर केंद्र एवं राज्य सरकारें कोई निर्णय नहीं लेती हैं। अब पानी सर के ऊपर से गुजर चुका है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बाजारवाद, कर्ज ऐसे मामले हो गए हैं जिनसे सबसे ज्यादा परेशान युवा वर्ग है। पढ़ाई करने के बाद भी उसे कोई रोजगार उपलब्ध नहीं हो रहा है। जो प्रतियोगी अथवा चयन के लिए परीक्षाएं हो रही हैं उन सब में पेपर लीक हो रहे हैं। पिछले दरवाजे से नौकरियां दी जा रही हैं। सारी व्यवस्था सत्ता में बैठे हुए लोगों के हाथ में केंद्रित हो गई है। करोड़ों युवा यहां से वहाँ भाग रहे हैं। ना तो उन्हें कोई काम मिल रहा है ना सरकारी नौकरी मिल रही है और ना ही संविदा नौकरी ही मिल रही है, उल्टे हर परीक्षा के नाम पर बेरोजगारों को लूटा जा रहा है।

उर्दू लिखने के लिये देवनागरी अपनाने से उर्दू उत्कर्ष को प्राप्त होगी।
: खुशवन्त सिंह

सपने पूरे होंगे लेकिन आप सपने देखना शुरू तो करें।
: अब्दुल कलाम

# प्रदेश की महिलाओं के विश्वास का आधार बनी डॉ. मोहन यादव सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जिस तरह प्रदेश की महिलाओं के समग्र उत्थान लिए काम कर रहे हैं, उसके चलते राजनीतिक विथिकाओं में अब ऐसा माना जाने लगा है कि डॉ. मोहन यादव और बहनों के बीच स्वस्थ आत्मीय रिश्ते प्रगाढ़ होते जा रहे हैं। भाई-बहन के ये रिश्ते भारतीय जनता पार्टी के लिए न केवल बेहद मुफीद होंगे बल्कि 2028 के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की तकदीर लिखने में महत्वपूर्ण रोल अदा करेंगे। डॉ. मोहन यादव अपने समग्र महिला उत्थान और स्वावलंबन के इन तमाम भागीरथी प्रयासों से वे प्रदेश की बहनों के बीच न केवल खासे लोकप्रिय हो गए हैं, बल्कि वे अब देश की बहनों के लाड़ले भैया के रूप में माने जाने लगे हैं।

मध्यप्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की कमान संभाली और बेहद समझदारी के साथ परिपक्व राजनेता तब्दील हो चुके हैं। डॉ. मोहन यादव इस बात को बखूबी जानते थे कि यदि प्रदेश में सरकार चलानी है और दोबारा सत्ता में लानी है तो प्रदेश की लगभग कुल आबादी का 49 प्रतिशत महिला आबादी को न केवल खुद से जोड़ना होगा बल्कि उन्हें अपना बनाना होगा। इसके लिए इस मातृशक्ति के बीच उन्हें अपने आप को एक ऐसे भाई के रूप में स्थापित करना होगा जैसी कृष्ण ने द्रोपदी के लिए एक सशक्त और समर्थ भाई की भूमिका निभाई थी। डॉ. मोहन यादव ने सत्ता संभालने के बाद मातृशक्ति के लिए लगातार किए जा रहे अपने कामों से यह साबित कर दिया कि मातृशक्ति के बीच वे न केवल विश्वसनीय बन गए बल्कि प्रदेश की बहनें उन्हं एक मुख्यमंत्री के साथ-साथ एक सहृदय बड़े भाई के रूप में उन्हें स्वीकार करती हैं। डॉ. मोहन यादव सरकार ने महिला कल्याण योजनाओं को केवल सहायता वितरण तक सीमित न रख के उन्हें सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक स्वावलंबन और बालिका सशक्तिकरण के व्यापक अभियान के रूप में विकसित करने का प्रयास किया है। इसके सकारात्मक परिणाम शहरों से लेकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक दिखाई देने लगे हैं।

मध्यप्रदेश की कुल आबादी का लगभग 49 प्रतिशत महिलाएं हैं जो 4.1 करोड़ से 4.2 करोड़ के आसपास आंकी जाती है। प्रदेश में कल 5.39 करोड़ वोटर हैं। जिनमें महिला वोटर 2.5 करोड़ से 2.6 करोड़ के बीच अनुमानित हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव में लगभग 76 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा को वोट किया था जो 2018 से चुनाव से लगभग दो प्रतिशत अधिक था।अब सहज ही समझा जा सकता है कि प्रदेश में सत्ता प्राप्त करने के लिए इनका महत्व क्या है? 2026 में असम मे हेमंत विश्व सरमा और पश्चिम बंगाल में शुभेंदु सरकार की बंपर सफलता का उदाहरण सारे देश के सामने हैं। इस बंपर जीत में मातृशक्ति का भाजपा को जीतने में जो योगदान है वह किसी से छिपा नहीं है। मध्यप्रदेश में लगभग 29 विधानसभा ऐसी हैं, जहां महिला वोटर की संख्या पुरुष वोटरों से अधिक है और आधा सैकड़ा से अधिक सीटों पर वे निर्णायक भूमिका भी रखती है।

एक बेहद परिपक्व और दूरदर्शी मुख्यमंत्री बन चुके मोहन यादव इस राजनीतिक मर्म को समझते थे और शुरूआती दौर से ही समग्र महिला विकास पर उन्होंने अपनी सरकार को फोकस किया। इस बार डॉ. मोहन यादव ने अपना जन्मदिन मातृशक्ति के बीच मना कर एक ऐसी अमिट छाप छोड़ी जिसकी अनुगूंज सारे प्रदेश में सुनाई दे रही है। लाड़ली बहना के अतिरिक्त डॉ. मोहन यादव सरकार के द्वारा प्रारंभ की गई महिला हितैषी योजनाएं प्रदेश में... महिला प्रथम... महिलाओं का वास्तविक आधार बन चुका है और हम इसे केवल एक वित्तीय सहायता मानकर ही इसके स्वरूप का आंकलन नहीं कर सकते बल्कि यह सरकार और डॉ. मोहन यादव के बीच इन बहनों के उस भरोसे की एक ऐसी नजीर बन गई है, जिसके चलते ये बहनें आज मोहन यादव को लाड़ले भैया कहकर संबोधित कर रहीं है।

अकेली लाड़ली बहना ही इस मातृशक्ति के लिए काफी नहीं है बल्कि लखपति दीदी योजना, मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना, नारी शक्ति मिशन जैसी तमाम कार्यक्रमों को एक कड़ी में पिरोकर डॉ. मोहन यादव ने महिला सशक्तिकरण का एक विशाल पैकेज मध्य प्रदेश में खड़ा कर डाला है। लाड़ली लक्ष्मी ने जहां बेटियों के शिक्षा का भविष्य सुरक्षित किया है ,वहीं लखपति दीदी, उद्यम शक्ति ,ड्रोन दीदी समेत स्वावलंबन की कई योजनाओं के माध्यम से शहर से लेकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक की महिलाओं ने अपने छोटे-मोटे व्यवसाय शुरू करके अपनी आत्मनिर्भरता और सम्मान दोनों को स्थापित तो किया ही साथ ही परिवार और समाज में अपनी अहम जगह बनाई है। प्रदेश में 4 लाख से अधिक महिलाएँ स्व-रोजगार योजना से जुड़ी हैं, वहीं रेडीमेड उद्योग एवं कारखानों में कार्यरत महिलाओं को पांच हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही 34 लाख महिला कृषकों को दुग्ध उत्पादन से जोडकर उनकी आय बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना के माध्यम से मोहन सरकार के कार्यकाल में 53 लाख बेटियों के जीवन में न केवल सकरात्मक बदलाव आया है। बल्कि प्रदेश की 80 लाख बेटियों को शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति भी दी जा रही है और सेनेटरी पेड के लिए राशि भी प्रदान की जा रही है। स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है और एनआरएलएम योजनाओं से 17 हजार करोड़ से अधिक की राशि का प्रावधान मोहन सरकार ने केवल इसलिए किया है, जिससे ग्रामीण गरीब महिलाओं को स्व-सहायता समूह से जोडकर उनकी आय में वृद्धि की जा सके। डॉ. मोहन यादव की महिला हित में प्रतिबद्धता केवल इस बात से समझी जा सकती है कि राज्य के कुल बजट का एक बड़ा हिस्सा यानी लगभग 1.27 लाख करोड़ केवल महिला केन्द्रित योजनाओं के लिए मोहन सरकार ने आवंटित किया है। बताया जाता है कि अकेले महिला कल्याण और संरक्षण पर ही 45 हजार करोड़ से ज्यादा की व्यवस्था की गई है।

अकेले राज्य सरकार की योजनाओं पर ही मोहन यादव ने काम नहीं किया बल्कि बहनों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी की योजनाओं के क्रियान्वयन में भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रदेश ने लगातार शीर्ष स्थान पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, जिसमें गर्भवती और शिशु स्वास्थ्य दर में प्रदेश ने खासी सफलता अर्जित की है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु कार्यक्रम, मिशन इंद्रधनुष तथा एनएचएम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित संस्थागत प्रसव, पोषण सहायता और नवजात शिशुओं की बेहतर सुरक्षा उपलब्ध कराकर मध्य प्रदेश में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में पिछले दो वर्ष में तुलनात्मक रूप से निरंतर सुधार दर्ज किया गया है।

ऐसी एक नहीं तमाम योजनाएं हैं जिन सभी का उल्लेख करना संभव नहीं है। सच तो यह है कि आज महिला न केवल नगद राशि पाने वाली लाभार्थी बनी है बल्कि राज्य की आर्थिक रीढ़ के साथ-साथ नीति निर्माण में भी सक्रिय भागीदारी निभा रही है। महिला स्व-सहायता समूह, गैस, राशन, आवास जैसी तमाम योजनाओं में मोहन सरकार ने महिलाओं को सीधे जोडकर इन्हें सम्मान दिया है। महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़कर 35 प्रतिशत करने वाला राज्य तो म.प्र. बना ही है। पंचायत और स्थानीय निकायों में भी महिलाओं की भूमिका को डॉ. मोहन यादव ने बेहद मजबूत भी किया है। डॉ. मोहन यादव ने महिलाओं को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए इन बहनों के बीच अपने आप को एक ऐसे भाई के रूप में स्थापित किया जिसे अपनी बहनों के रोजगार, स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा की न केवल चिंता है, बल्कि इन मुद्दों पर वह और उनकी सरकार संवेदनशीलता के साथ-साथ गंभीर और सख्त भी है। इसके साथ राज्य में अब तक 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूह के माध्यम से 60 लाख बहनें जुड़ी है और यह न केवल बचत और ऋण का माध्यम है बल्कि गांव में होने वाले निर्णय में एक सशक्त भागीदारी वाली आवाज भी बनी है। नारी शक्ति मिशन के तहत जेंडर जागरूकता, घरेलू हिंसा विरोध, बाल विवाह रोकथाम और डिजिटल साक्षरता ने भी महिलाओं के उत्थान में बेहद योगदान दिया है। विगत 2 वर्ष के कार्यकाल में सरकार ने महिला हेल्पलाइन 181, महिला डेस्क, वन स्टॉप सेंटर, सायबर क्राइम, महिला परामर्श केन्द्र तथा ऑनलाइन शिकायत प्रणाली को महिला सुरक्षा हेतु और अधिक सशक्त और प्रभारी बनाने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की महिला केंद्रित योजनाओं ने जहां उनकी छवि एक ऐसे भाई के रूप में बनाई है जो न केवल लगभग हर क्षेत्र में बहनों का पूरा-पूरा ख्याल रखता है। साथ ही उनके समग्र विकास के लिए निरंतर प्रत्याशी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इन प्रयासों से जहां न केवल भाजपा का महिला वोट बैंक बेहद मजबूत होगा वहीं भाजपा इस भरोसे को एक स्थायी समर्थन में बदलने की कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। गैस, राशन ,आवास और नगद सहायता जैसी योजनाओं से गांव में महिलाओं के बीच भाजपा की पकड़ और जकड़ बेहद मजबूत हो रही है। महिला लाभार्थी वर्ग भाजपा के लिए सशक्त रक्षात्मक ढाल बन सकता है और 2026 असम और बंगाल चुनाव के चुनाव में यह साबित भी हो चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश की मातृ शक्ति के बीच आपसी बॉन्डिंग न केवल मजबूत हुई है बल्कि उसने अब एक गठबंधन का रूप ले लिया है। प्रदेश की मातृ शक्ति डॉ. मोहन यादव पर न केवल विश्वास करती है बल्कि बेहद गहराई के साथ उनसे जुड़ी भी है और निश्चित रूप से यह जुड़ाव वर्ष 2028 के आम चुनाव में भाजपा के पक्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सहायक होगा इसमें कोई संदेह नहीं है और इसका श्रेय निश्चित रूप से डॉ. मोहन यादव के खाते में ही जाएगा। महिला सुरक्षा और उनके समग्र विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में एक भाई के रूप में विशाल व्यक्तित्व बनकर इन बहनों के बीच एक ऐसी ढाल बनकर खड़े हो गये हैं जिनके संरक्षण में मध्य प्रदेश की महिलाएं न केवल अपने आपको बेहद सुरक्षित महसूस करती हैं बल्कि अपने सामाजिक, आर्थिक सहित चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर होगीं।

आलोक एम इंदौरिया

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# व्यवस्था के बाहर ही नहीं भीतर भी भरी है कॉकरोच

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 134वें एपिसोड में लोगों से गर्मी से बचाव करने हेतु सावधानी बरतने की अपील की थी। इस अपील में दोपहर के समय घर से बाहर नहीं निकलना और चक्कर आने पर छायादार जगह पर लेटना जैसे अनेक देसी उपाय शामिल थे। परन्तु इस अपील के बावजूद गत 6 जून को हजारों छात्रों व युवाओं को दिल्ली की चिलचिलाती धूप में जंतर मंतर पर इकठ्ठा होने के लिये मजबूर होना पड़ा। यह युवा व छात्र देश के शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग कर रहे थे। जेन जी ने जंतर मंतर पर यह घोषणा की कि यदि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते तो इस तरह के प्रदर्शन देशभर में किये जायेंगे। गौरतलब है कि धर्मेंद्र प्रधान विगत लगभग 5 वर्षों से लगातार भारत सरकार के शिक्षा मंत्री के पद पर आसीन हैं। उन्हीं के कार्यकाल के दौरान नीट-यूजी 2024 जिसकी परीक्षा 5 मई 2024 को निर्धारित थी,का पेपर बिहार में लीक हुआ था। इस मामले में कई आरोपी गिरफ़्तार भी हुए थे। अभी पिछले दिनों उन्हीं के कार्यकाल में नीट-यूजी का पेपर लीक हुआ। इस से दुखी होकर चार छात्रों ने आत्महत्या कर ली और लगभग 22 लाख छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया। हालांकि कांग्रेस ने 2014-2024 तक 25 परीक्षाओं की सूची जारी की है जिसमें बिहार ळएळ, यूपीएससी तथा बिहार, उत्तर प्रदेश व राजस्थान आदि की राज्य स्तर की भर्ती परीक्षाओं में धांधली अथवा पेपर लीक की शिकायत है। इनमें से कई मामले धर्मेंद्र प्रधान के पिछले कार्यकाल यानी 2021-2024 में हुए। ऐसे में युवा बेरोजगार छात्रों का आक्रोशित होना स्वाभाविक है।

अभी पेपर लीक पर युवाओं का आक्रोश सोशल मीडिया के माध्यम से सत्ता व व्यवस्था पर फूट ही रहा था की अचानक भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने गत 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान यह कह दिया कि कॉकरोच की तरह ऐसे देश के कई युवा हैं, जिन्हें रोजगार नहीं मिल रहा है। ये युवा आगे चलकर मीडिया, सोशल मीडिया और आर टी आई कार्यकर्ता बन जाते हैं और फिर व्यवस्था पर हमला शुरू कर देते हैं । जस्टिस सूर्यकांत के इस बयान के सार्वजनिक होते ही पहले से ही बेरोजगारी व अनिश्चितता के माहौल में जी रहे देश के युवाओं में स्वभाविक रूप से उबाल आ गया। हालांकि विवाद बढ़ने पर मौके की नजाकत को भांप मुख्य न्यायाधीश ने अपनी सफाई देते हुये कहा कि उनकी बात को तोड़-मरोड़ के पेश किया गया है। उनका निशाना युवा नहीं थे, बल्कि फर्जी डिग्रियों और गलत तरीकों से प्रतिष्ठित पेशों में घुसपैठ कर रहे लोग थे। उन्होंने कहा कि मुझे हर भारतीय युवा पर गर्व है और हर युवा मुझे प्रेरणा देता है और वह युवाओं को विकसित भारत के स्तंभ के तौर पर देखते हैं। परन्तु मुख्य न्यायाधीश का स्पष्टीकरण आने तक देश का बेरोजगार युवा और व्यवस्था से नाराज नई युवा पीढ़ी जेन जी आक्रोशित हो चुकी थी। अभिजीत दीपके जोकि पूर्व में आम आदमी पार्टी के साथ एक राजनीतिक संचार रणनीतिकार के रूप में भी काम कर चुके हैं, ने 16 मई 2026 को सोशल मीडिया पर आधिकारिक रूप से कॉकरोच जनता पार्टी के नाम से पहले एक मजाकिया ऑनलाइन पेज शुरू किया बाद में यह इंस्टाग्राम, (ट्विटर) जैसे प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हुआ और देखते ही देखते मात्र चार दिन में इस पेज ने रिकार्ड 44 लाख से अधिक युवा समर्थक जुटा लिए। इंस्टाग्राम पर तो सिर्फ 5 दिन में 1.87 करोड़ फॉलोवर्स हो गये। इस अभियान से भयभीत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर इसका (ट्विटर) अकाउंट भारत में ब्लॉक करवा दिया।

जस्टिस सूर्यकांत द्वारा देश के युवाओं को काकरोच अथवा परजीवी कहे जाने के बाद व अपने इस बयान पर सफाई दिये जाने के बावजूद कॉकरोच की परछाईं उनका पीछा नहीं छोड़ रही है। गत 4 जून को लंदन विश्वविद्यालय के बर्कबेक कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) और अंतरराष्ट्रीय कानून विषय पर आयोजित एक व्याख्यान में कई प्रतिभागियों ने भारत में लोकतंत्र के रिकॉर्ड और असहमति के प्रति बढ़ती शत्रुता को लेकर जस्टिस सूर्यकांत के समक्ष सवाल उठाया। यह हंगामा भी जस्टिस सूर्यकांत के 15 मई के बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच बताने वाले बयान से जुड़ा है। गोया भारतीय युवाओं का आक्रोश अब भारत से बाहर भी नजर आने लगा है। युवाओं का गुस्सा केवल कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के रूप में दिल्ली में ही नहीं फूटा बल्कि कांग्रेस,युवा कांग्रेस व राष्ट्रीय छात्र संगठन ने भी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा माँगा तथा पेपर लीक के दोषियों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई की मांग की।

ऐसा लगता है कि शिक्षा मंत्री की प्राथमिकता पारदर्शी व साफ सुथरी परीक्षाएं कराना नहीं बल्कि शिक्षा जैसे नाजुक व गंभीर क्षेत्र में भी अपना एजेंडा लागू करना है। इसी एजेंडे के तहत कहीं पाठ्यक्रमों में व्यापक बदलाव किया जा रहा है तो कहीं इतिहास को ही बदलने की कोशिश की जा रही है। कहीं सर्वधर्म समभाव व साम्प्रदायिक सौहार्द की सीख देने वाले अध्यायों को पाठ्यक्रमों से निकाला जा रहा है तो कहीं पाठ्यक्रमों में आधुनिक विज्ञान,प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के बजाय धर्म और संस्कृति की शिक्षा दी जा रही है। इसके अतिरिक्त विशेष विचारधारा के अनेक अयोग्य लोगों को वॉइस चांसलर जैसे पदों पर नियुक्त किया जा रहा है। मिसाल के तौर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय (जौनपुर, उत्तर प्रदेश) के इसी तरह के एक पूर्व वाइस चांसलर का नाम डॉ. राजाराम यादव था। जिन्होंने छात्रों को भीख मांगने को रोजगार बताया था। उन्होंने कहा था कि बेरोजगार युवा ट्रेन में खंजरी बजाकर भीख मांग कर कमाई कर सकते हैं। यह बयान उस समय छात्रों में भारी आक्रोश पैदा कर गया था। छात्रों ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी कि बेरोजगारी का समाधान भीख मांगना नहीं बल्कि सही रोजगार सृजन है। इसी वाइस चांसलर ने छात्रों को हिंसा करने के लिये भी उकसाया था।

गोया पूरी शिक्षा प्रणाली को ही साम्प्रदायिकता का कलेवर चढ़ा कर नए ढंग से परिभाषित करने का प्रयास किया जा रहा है। उधर गरीबों के बच्चों की शिक्षा का एकमात्र सहारा समझे जाने वाले देशभर के लाखों सरकारी विद्यालय बंद हो चुके हैं। जबकि नित नए निजी व मंहगे स्कूल कॉलेज व यूनिवर्सिटीज खुलते जा रहे हैं। जोकि आम लोगों की पहुँच से बाहर हैं। कहना गलत नहीं होगा कि सरकार की ऐसी ही नाकामी व अनदेखी की वजह से ही आज कॉकरोच केवल व्यवस्था के बाहर ही नहीं इस व्यवस्था के भीतर भी भरी पड़ी हैं।

तनवीर जाफरी

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## सूडोकु नवताल- 7536

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7535 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## दैनिक पंचांग

8 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




सोमवार 2026 वर्ष का 159 वा दिन दिशाशूल पूर्व ऋतु ग्रीष्म। विक्रम संवत् 2083 शक संवत् 1948 मास ज्येष्ठ पक्ष कृष्ण तिथि अष्टमी 03.24 बजे रात्र को समाप्त। नक्षत्र शतभिषा 09.10 बजे को समाप्त। योग विष्कुम्भ 09.28 बजे को समाप्त। करण बालव 15.31 बजे तदनन्तर कौलव 03.24 बजे रात्र को समाप्त। चन्द्रायु 22.2 घण्टे

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.47 बजे से | रवि क्रान्ति उत्तर 22° 50' |
| चंद्र | कुंभ में | कर्क | 08.00 बजे से | सूर्य उत्तरायन |
| मंगल | मेष में | सिंह | 10.16 बजे से | कलि अहर्गण 1872734 |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.28 बजे से | जूलियन दिन 2461199.5 |
| गुरु | कर्क में | तुला | 14.39 बजे से | कलियुग संवत् 5128 |
| शुक्र | मिथुन में | वृश्चिक | 16.54 ब.से | कल्पारंभ संवत् 1972949128 |
| शनि | मीन में | धनु | 19.10 बजे से | सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128 |
| राहु | कुंभ में | मकर | 21.15 बजे से | वीरनिर्वाण संवत् 2552 |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 23.01 बजे से | हिजरी सन् 1447 |
| राहुकाल | | मीन | 00.34 बजे से | महीना जिल्हेज |
| 7.30 से 9.00 | | मेष | 02.05 बजे से | तारीख 22 |
| बजे तक | | वृष | 03.45 बजे से | विशेष अधिक कालाष्टमी। |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# आज शान्ति और संयम से काम लेने की जरुरत

श्री राम की मयार्दा उनके कर्म ही आपको मानवता का संदेश देती है भगवान राम राजा बनने वाले थे और 14 साल का वनवास मिल गया आज थोड़ा सा दुःख हुआ नहीं की सिस्टम और सरकार का दोष, यह लोकतान्त्रिक देश 140 करोड़ लोगों का भारत है जब ठीक नहीं लग रहा बाद में चुनाव में हरा देना बहुत ज्यादा बुराई लिखने कॉकरोच पार्टी बनाने से दूसरे देश में ऐ खबर मजाक बन जाती है इसलिए कठिन परिस्थिति में संयम और शान्ति से काम लें राम ने भगवान शिव का त्रिपुरासुर धनुष उठाया था। यहाँ तक कि देवताओं, राक्षसों और नागों की पूरी सभा भी उसे नहीं उठा पाई थी। राम ने विष्णु का शारंग धनुष भी उठाया और तीनों लोकों (ब्रह्मांड) को हिला दिया। उन्होंने धुंधुभी नाम के एक राक्षस के शव को, जो कैलाश पर्वत से भी ऊँचा था, बस एक झटके में 10 योजन दूर फेंक दिया। राम ने एक ही बाण से पृथ्वी की सात परतों को भेद दिया। एक ही साधारण बाण से पूरे समुद्र को सुखा दिया। राम ने रावण पर अचूक ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया, जिसका वजन मेरु और मंदार पर्वतों जितना था। राम कितने शक्तिशाली हैं? वे समस्त शक्ति के स्रोत हैं! वे नारायण का ही एक रूप हैं! उनकी शक्तियों की कोई सीमा नहीं है। [वाल्मीकि रामायण 5-51-45] में कहा गया है कि जिसे श्री राम मारने का निश्चय कर लें, उसे ब्रह्मा और शिव भी नहीं बचा सकते। चाहे चार मुख वाले स्वयंभू देवता ब्रह्मा हों, या तीन आँखों वाले रुद्र (जिन्होंने त्रिपुरा–माया द्वारा राक्षसों के लिए आकाश, वायु और पृथ्वी में सोने, चाँदी और लोहे से बनाए गए नगर–को जलाया था), या फिर वातावरण और आकाश के देवता तथा देवताओं के स्वामी महेंद्र हों; इनमें से कोई भी उस व्यक्ति को नहीं बचा सकता, जिसे राम युद्ध में मारने का निश्चय कर लें। वाल्मीकि रामायण 1झ1झ17 में कहा गया है कि वे स्वयं ही सत्य हैं और ऐसा कोई नहीं है जो उनकी बराबरी कर सके। शौर्य में राम विष्णु के समान हैं, और अपनी सुंदरता में वे चंद्रमा की तरह आकर्षक हैं; क्षमाशीलता में वे पृथ्वी के तुल्य हैं, लेकिन अपने क्रोध में वे प्रलयकारी अग्नि के समान हैं... और उदारता में वे धन के देवता कुबेर के समान हैं, तथा अपनी सत्यनिष्ठा में वे साक्षात धर्म के समान हैं–सत्य का ही मूर्त रूप–जिनका कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं है। वाल्मीकि रामायण के अरण्य कांड में कहा गया है कि यदि समस्त देवता और तीनों लोकों की समस्त सेनाएँ भी एक साथ आ जाएँ, तो भी वे श्री राम की शक्ति के सामने कुछ भी नहीं हैं। हे वैदेही! तुम्हारे पति को सर्प, असुर, गंधर्व, देवता, पिशाच या राक्षस–कोई भी पराजित नहीं कर सकता; इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। हे शुभलक्षणा! देवताओं, मनुष्यों, गंधर्वों, पक्षियों, राक्षसों, किन्नरों, पशुओं, अथवा हे देवी, यहाँ तक कि अत्यंत भयानक राक्षसों में भी ऐसा कोई योद्धा नहीं है जो युद्ध में राम का सामना कर सके; क्योंकि किसी भी युद्ध में राम की शक्ति इंद्र के तुल्य होती है। इस प्रकार की बातें करना तुम्हारे लिए अनुचित है, क्योंकि युद्ध में राम को पराजित करना असंभव है; और जहाँ तक मेरी बात है, मैं राघव (राम) की अनुपस्थिति में तुम्हें इस घने वन में अकेला छोड़ने का साहस कदापि नहीं कर सकता। चाहे समस्त शक्तिशाली सम्राट अपनी संपूर्ण सेनाओं के साथ आ जाएँ, अथवा समस्त देवता अपने प्रमुखों के साथ एकत्रित हो जाएँ–अरे, उनकी तो बात ही क्या–यदि तीनों लोक भी एक साथ मिलकर, चाहे सामूहिक रूप से या अलग-अलग, विद्रोह करते हुए आ जाएँ, तो भी राम के पराक्रम को कोई रोक नहीं सकता। वाल्मीकि रामायण (1झ1झ65) में कहा गया है कि उन्होंने राक्षस दुंदुभि के मृत शरीर को अपने पैर के अंगूठे से मात्र स्पर्श करके ही दस योजन दूर तक उछाल दिया था! (एक योजन लगभग 13 किलोमीटर के बराबर होता है, अतः दस योजन का अर्थ हुआ 1300 किलोमीटर!) विशाल भुजाओं वाले और अत्यंत शक्तिशाली राम ने जब दुंदुभि की अस्थियों को देखा, तो वे मुस्कुराए और अपने पैर के अंगूठे की सहायता से उस संपूर्ण शरीर को दस योजन की दूरी तक फेंक दिया। वाल्मीकि रामायण (1झ1झ67) में वर्णित है कि श्री राम ने अपने एक ही बाण से सात वृक्षों को भेद दिया था; वह बाण एक पर्वत को चीरता हुआ पृथ्वी के सबसे निचले तल (पाताल लोक) तक जा पहुँचा था! फिर एक बार, राम ने केवल एक ही विशाल बाण से सात विशाल साल के पेड़ों को भेद दिया; यह बाण न केवल उन पेड़ों के आर-पार निकल गया, बल्कि एक पर्वत को भी चीरता हुआ पृथ्वी के सबसे निचले पाताल लोक तक जा पहुँचा–यह सब सुग्रीव के मन में विश्वास जगाने के लिए किया गया था... वाल्मीकि रामायण के युद्ध कांड में कहा गया है कि श्री राम अपनी उंगली के सिर्फ.एक पोर से ही सभी राक्षसों और दुष्ट शक्तियों का संहार कर सकते हैं! इससे क्या फर्क पड़ता है कि वह राक्षस कितना दुष्ट है या नहीं? वह मेरा जरा सा भी अहित करने में सर्वथा असमर्थ है। हे सुग्रीव, वानर सेना के स्वामी! यदि मैं चाहूँ, तो पृथ्वी पर विचरण करने वाले उन सभी आसुरी जीवों, राक्षसों, अलौकिक प्राणियों और नरभक्षी पिशाचों का संहार अपनी उंगली के सिर्फ.एक पोर से ही कर सकता हूँ। एक कथा में यह प्रसंग आता है कि कैसे एक कबूतर ने अपने शत्रु (एक बहेलिए) को–जब वह शरण माँगने उसके पास आया–अतिथि-सत्कार के समस्त नियमों का पालन करते हुए स्वीकार किया, और यहाँ तक कि उसे अपने ही शरीर का मांस परोसकर भोजन के लिए आमंत्रित किया।

संजय गोस्वामी

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

संक्षिप्त खबरें

## शहर के बाहर शिफ्ट होंगी मांस दुकानें

वाराणसी(एजेंसी) : धर्म और आध्यात्म की नगरी काशी में मीट-मांस और मछली के कारोबार को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। नगर निगम की साधारण सभा (सदन) की बैठक में शहर के भीतर संचालित मीट-मांस और मछली की दुकानों को चरणबद्ध तरीके से शहर की सीमा से बाहर स्थानांतरित करने पर सहमति बनी है। मैदागिन स्थित टाउनहाल भवन में महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित सदन की बैठक में इस प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में शहर के समग्र विकास, अतिक्रमण, स्वच्छता और जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर विचार किया गया, जिसमें मीट-मांस और मछली के बाजारों को शहर के बाहरी क्षेत्रों में व्यवस्थित करने का प्रस्ताव प्रमुख रहा। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने सदन को जानकारी दी कि योजना के प्रथम चरण के लिए पांच स्थानों का चयन कर लिया गया है। इनमें रामनगर, सूजाबाद, गणेशपुर, अवलेशपुर और शिवपुर क्षेत्र शामिल हैं। ये स्थान शहर की बाहरी सीमा के निकट स्थित हैं, ताकि आम लोगों को खरीदारी में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## भारत-नेपाल के बीच यूपीआई लिंक लॉन्च

नई दिल्ली(एजेंसी) : भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने नई दिल्ली में नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल से मुलाकात की। बैठक के दौरान भारत और नेपाल के बीच यूपीआई और नेपाल के नेशनल पेमेंट सिस्टम को जोड़ा गया। इससे दोनों देशों के लोगों के लिए सीमा पार पैसा भेजना आसान होगा। भारत ने 2015 के भूकंप के बाद चल रहे पुनर्निर्माण कार्यक्रम के तहत नेपाल को 72 हेल्थ फैसिलिटी और 12 सांस्कृतिक विरासत परियोजनियां भी सौंपीं। इसके अलावा काठमांडू यूनिवर्सिटी और भारत की ह्यडिजिटल इंडिया भाषिणीह्व के बीच समझौता हुआ। इसके तहत नेपाल के लिए वॉइस फर्स्ट भाषा ट्रांसलेशन प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा।

## इंजीनियर के लॉकरों में 2 करोड़ कैश मिला

भुवनेश्वर(एजेंसी) : ओडिशा के असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर बैकुंठ नाथ बेहरा के पास से करोड़ों की संपत्ति का खुलासा हुआ है। बेहरा कंधमाल जिले के बलिगुड़ा स्थित एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी में पदस्थ हैं। उनका जूनियर इंजीनियर के पद पर अपॉइंटमेंट हुआ था। तब सैलरी 6 हजार रुपए थी। ओडिशा विजिलेंस को बेहरा के पास आय से ज्यादा संपत्ति होने की शिकायत मिली थी। इसके बाद भुवनेश्वर के विशेष न्यायाधीश (विजिलेंस) के सर्च वारंट के आधार पर विजिलेंस ने शुक्रवार को भुवनेश्वर, जाजपुर, बारिपदा और कंधमाल जिले के कुल 9 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान 5 बहुमंजिला इमारतें, 13 प्लॉट, सोने के गहने और बैंक लॉकरों से करीब 2.4 करोड़ कैश बरामद किए गए हैं। सभी संपत्तियों की कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है। इसे हाल के वर्षों की सबसे बड़ी आय से अधिक संपत्ति की कार्रवाइयों में एक माना जा रहा है।

## कथावाचक पर रेप की एफआईआर

अयोध्या(एजेंसी) : अयोध्या के रहने वाले कथावाचक पवन देव महाराज (42) पर बिहार की एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। महिला ने कहा, कथावाचक पवन उसे राम मंदिर दर्शन कराने के बहाने अयोध्या लेकर आया। यहां दुष्कर्म किया। इसके बाद मंदिर में फर्जी शादी की। कुछ समय तक अपने साथ रखा। फिर जबरन मायके भेज दिया। महिला का आरोप है कि कथावाचक ने उसके करीब 10 लाख के गहने रख लिए। विरोध करने पर कथावाचक और उसके पिता पंडित रमाकांत शास्त्री ने मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शनिवार रात महिला की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूरा मामला जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर बीकापुर कोतवाली क्षेत्र का है।

## नीट पेपर लीक के बाद एनटीए सिस्टम बदलेगा

**एक्सपर्ट्स सवाल तैयार तो करेंगे, पर पता नहीं होगा किस एग्जाम के लिए किया**

नई दिल्ली(एजेंसी) : नीट-यूजी 2026 पेपर लीक और सीबीएसई की मार्किंग गड़बड़ियों के बाद सरकार परीक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, एनटीए ऐसा नया सिस्टम बनाने पर काम कर रही है, जिसमें सवाल तैयार करने वाले एक्स्पर्ट्स को भी पता नहीं होगा कि वह किस एग्जाम के क्वेश्चन पेपर बना रहे हैं। नई योजना के तहत अलग-अलग विषयों के एक्सपर्ट्स केवल सवाल तैयार करेंगे। इन सवालों को एक बड़े डिजिटल बैंक में रखा जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक इसमें करीब 10 हजार सवाल हो सकते हैं। बाद में टेक्नीक की मदद से इन सवालों से फाइनल एग्जाम पेपर तैयार होगा।

एनटीए से जुड़े अधिकारी ने कहा कि हम चाहते हैं कि पूरे प्रश्नपत्र की जानकारी बहुत कम लोगों तक पहुंचे। सिस्टम को लोगों पर नहीं, प्रोसेस पर भरोसा करना चाहिए। पेपर लीक मामले में ट्रांसलेशन करने वालों की गिरफ्तारी के बाद एनटीए ट्रांसलेशन प्रोसेस में भी बदलाव करना चाहती है। एजेंसी पहले ही सुप्रीम कोर्ट को बता चुकी है कि वह करीब 85 प्रतिशत ट्रांसलेशन का काम एआई से कराने की योजना बना रही है। इसके बाद एक्सपर्ट्स सिर्फ यह जांचेंगे कि ट्रांसलेशन सही हुआ या नहीं। अधिकारियों का कहना है कि कोशिश यह भी रहेगी कि ट्रांसलेशन करने वालों को यह जानकारी न हो कि वे किस परीक्षा के सवाल देख रहे हैं। वहीं, एनटीए इस समय 21 जून को होने वाले नीट-यूजी री-टेस्ट की तैयारी भी कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक कुछ बदलाव अभी से लागू किए जा चुके हैं। इसके तहत नए सब्जेट एक्सपर्ट्स को जोड़ा गया है। साथ ही पेपर छपने के बाद उसके ट्रांसपोर्ट और स्टोरेज सिस्टम को और सुरक्षित बनाने पर भी काम चल रहा है।

## मानसून महाराष्ट्र समेत 12 राज्यों में पहुंचा

**-केरलम-तमिलनाडु में भारी बारिश, मप्र-राजस्थान में 50 किमी की रफ्तार से चली आंधी**

नई दिल्ली/भोपाल(एजेंसी) : मानसून रविवार को चार और राज्यों त्रिपुरा, नगालैंड, असम और अरुणाचल प्रदेश में पहुंच गया । इस तरह मानसून अब तक 12 राज्यों में पहुच चुका है।। महाराष्ट्र में मानसून केवल दक्षिण कोंकण तक बढ़ा। इसके चलते 9 जून तक सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। हालांकि अगले हफ्ते तक राज्य में बारिश का पैटर्न कमजोर रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वोत्तर के मिजोरम और मणिपुर में भी मानसून पहुंच चुका है। अगले दो दिन में यह महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश के बाकी हिस्सों, तेलंगाना और पूर्वोत्तर के बाकी राज्यों में पहुंच सकता है।मानसून के कारण केरलम, कर्नाटक, गोवा और तमिलनाडु में कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। हालांकि तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में लगातार 5वें दिन पारा 40 डिग्री का आंकड़ा पार कर गया। उत्तर भारत में भी पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ दिल्ली, यूपी, पूर्वी राजस्थान में तेज गर्मी का दौर दोबारा शुरू हो गया है। यहां कई इलाकों में लू का अलर्ट जारी किया गया है। देश में गुजरात को छोडकर अन्य सभी राज्यों में प्री-मानसून बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश समेत नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में शनिवार को तेज बारिश हुई। मप्र में भोपाल समेत 4 जिलों में 50 किमी की रफ्तार वाली आंधी चली। राजस्थान के बीकानेर में बारिश के साथ ओले गिरे।

# छह बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार, निष्कासन की प्रक्रिया शुरू

**सुरक्षा एजेंसियों की सटीक सूचना पर चला विशेष अभियान, हजारों लोगों की जांच के बाद मिली सफलता**



वलसाड (एजेंसी) : गुजरात के सीमावर्ती और औद्योगिक क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों तथा अवैध रूप से रह रहे तत्वों के खिलाफ वलसाड पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। सुरक्षा एजेंसियों से प्राप्त पुख्ता सूचना के आधार पर जिला पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में विशेष अभियान ह्यडेल्टा हंटह्व चलाया गया। इस अभियान के तहत उमरगाम क्षेत्र से अवैध रूप से रह रहे छह बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

इस व्यापक तलाशी अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस ने आधुनिक तकनीकी साधनों और विशेष रणनीति का सहारा लिया। पुलिस विभाग ने तत्काल पांच विशेष दलों का गठन किया, जिन्होंने आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पांच सौ से अधिक लोगों की गहन जांच की। इसके अलावा, तकनीकी प्रकोष्ठ की सहायता से एक हजार से अधिक दूरभाष आंकड़ों का विश्लेषण किया गया तथा संदिग्ध अंतरजाल संकेत स्थलों का भी पता लगाया गया। डिजिटल जांच के साथ-साथ मैदानी स्तर पर बाईस विशेष दलों को भी तैनात किया गया, जिन्होंने एक हजार से अधिक लोगों का सघन सत्यापन अभियान चलाया।

पूरे अभियान के दौरान कड़ी पूछताछ और दस्तावेजों की जांच के बाद लगभग पचास संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनसे विस्तृत पूछताछ की गई। जांच के दौरान छह व्यक्ति भारतीय नागरिकता से संबंधित कोई भी वैध प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सके। आगे की जांच में उनके मूल रूप से बांग्लादेशी नागरिक होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने सभी छह अवैध घुसपैठियों को हिरासत में ले लिया है तथा उन्हें उनके देश वापस भेजने के लिए विधिसम्मत प्रशासनिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

वलसाड पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से अवैध रूप से रह रहे तत्वों में भारी हड़कंप मच गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# यूपी,पंजाब,उत्तराखंड,गोवा और मणिपुर में विधानसभा चुनाव: कांग्रेस में बड़े बदलाव का प्लान

**प्रियंका गांधी को मिलेगी कोई नई बड़ी जिम्मेदारी**

नई दिल्ली(एजेंसी) : अगले साल उत्तर प्रदेश और पंजाब में विधानसभा चुनावों को देखते हुए अब कांग्रेस संगठन में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर एक बड़े देशव्यापी फेरबदल की तैयारी शुरू हो गई है। यह वर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के कार्यकाल का आखिरी बड़ा फेरबदल माना जा रहा है। कांग्रेस का मुख्य ध्यान उन राज्यों पर है जहां अगले साल की शुरूआत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जैसे उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर। इन चुनावों के मद्देनजर सांसद प्रियंका गांधी को कोई बड़ी जिम्मेदारी देने की तैयारी चल रही है।

पिछले 7 वर्षों से संगठन महासचिव पद पर बने हुए हैं। केरल का मुख्यमंत्री न बनाए जाने के बावजूद, विधायकों के समर्थन के कारण उनकी स्थिति मजबूत बनी हुई है। वहीं पिछले ढाई साल से प्रियंका गांधी के पास कोई सीधा संगठनात्मक पद नहीं है। इस आगामी फेरबदल में उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलती है या नहीं, इस पर सभी की निगाहें टिकी हैं। वहीं राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा बदले जा सकते हैं, जबकि सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ की जगह किसी बड़े राज्य का प्रभार दिया जा सकता है।

पंजाब में बदलाव की सुगबुगाहट

पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह बरार और विधायक दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा दोनों एक ही जाति (जट सिख) से हैं। इसलिए जातिगत समीकरण साधने के लिए विजय इंदर सिंगला (हिंदू चेहरा) या पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी (दलित चेहरा) को कमान सौंपी जा सकती है।उत्तर प्रदेश में दलित नेतृत्व की तलाश

यूपी में वर्तमान प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और आराधना मिश्रा तीनों उच्च जाति से आते हैं। दलित मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए किसी दलित नेता को जिम्मेदारी दी जा सकती है।

केरल और महाराष्ट्र में नए चेहरे

केरल के प्रदेश अध्यक्ष सनी जोसेफ और महाराष्ट्र के कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्निथला को केरल सरकार में मंत्री बनाया गया है, जिससे इन पदों पर नए बदलाव तय हैं।

## सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किया सनसनीखेज दावा

**अयोध्या राम मंदिर से 7 करोड़ की चोरी**

अयोध्या/लखनऊ(एजेंसी) :सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का दावा है कि अयोध्या के राम मंदिर से करोड़ों रुपए का चढ़ावा गायब हो गया है। उन्होंने रविवार को एक्स पोस्ट कर लिखा, पूरी दुनिया में भगवान राम के उपासकों के लिए ये एक बेहद संवेदनशील खबर है। राम मंदिर के चढ़ावे की करोड़ों रुपए की रकम गायब मिली है। अखिलेश ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और सरकार को भी घेरा है। लिखा, करोड़ों रुपए गायब होना मंदिर ट्रस्ट के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है। कोई भी सफाई देने के लिए सामने नहीं आना चाहता है। सपा अध्यक्ष ने कोर्ट से स्वतः संज्ञान लेने की मांग की है, क्योंकि इसका सीधा संबंध वैश्विक स्तर पर समस्त सनानती समाज की प्रभु राम में गहरी आस्था से जुड़ा है। सरकार की चुप्पी संदिग्ध है।

दरअसल, अयोध्या के पूर्व विधायक पवन पांडेय का दावा है कि राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी 5 से 7.50 करोड़ तक हो सकती है। अगर चोरी नहीं हुई है तो ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय सामने आएं और प्रभु श्रीराम की कसम खाकर कहें कि सबकुछ झूठ है। अगर बात सच है तो एफआईआर करवाएं। उन्होंने कहा, अभी ये स्पष्ट नहीं है कि ये चोरी कितने समय से हो रही थी। ट्रस्ट के किन-किन सदस्यों तक ये पैसा गया है, इसकी भी जांच होनी चाहिए।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई: ऊंझा राजमार्ग से 1.01 करोड़ रुपये से अधिक का विदेशी शराब का जखीरा जब्त

**काली मिट्टी से भरी बोरियों के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही 974 पेटियां बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार, मुख्य तस्कर की तलाश जारी**

मेहसाणा (एजेंसी) : गुजरात में शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत महेसाणा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गांधीनगर परिक्षेत्र के उप पुलिस महानिरीक्षक वीरेन्द्रसिंह यादव तथा जिला पुलिस अधीक्षक हिमांशु सोलंकी के निर्देश पर स्थानीय अपराध शाखा ने ऊंझा राजमार्ग पर छापेमारी कर भारतीय निर्मित विदेशी शराब का 1.01 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का जखीरा जब्त किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मक्तुपुर गांव के समीप शिवम मार्बल के पास पुलिस ने एक मालवाहक वाहन से 974 पेटियां विदेशी शराब बरामद कीं। वाहन तथा अन्य सामग्री सहित कुल 1 करोड़ 1 लाख 73 हजार 740 रुपये का मुद्दामाल जब्त किया गया है। स्थानीय अपराध शाखा को मिली पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस दल ने निगरानी रखी थी। सूचना में बताया गया था कि राजस्थान पंजीकरण संख्या आरजे-27-जीबी-9759 वाला लाल रंग का मालवाहक वाहन बनासकांठा की ओर से ऊंझा की तरफ आ रहा है।

वाहन दिखाई देते ही पुलिस ने घेराबंदी कर उसे रोक लिया। तलाशी के दौरान वाहन के ऊपरी हिस्से में सफेद प्लास्टिक की 120 बोरियां मिलीं, जिनमें काली मिट्टी भरी हुई थी। संदेह होने पर जब पुलिस ने बोरियों को हटाया तो उनके नीचे बड़ी मात्रा में विदेशी शराब की पेटियां छिपाई हुई मिलीं। पुलिस ने वाहन से कुल 41 हजार 676 बोतलों से भरी 974 पेटियां बरामद कीं। जब्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य 86 लाख 63 हजार 40 रुपये बताया गया है। इसके अतिरिक्त 15 लाख रुपये मूल्य का मालवाहक वाहन, दो मोबाइल दूरभाष, 700 रुपये नकद तथा पांच फर्जी बिल्टियां भी बरामद की गईं।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने वाहन चालक अमजदखान इदुखान अल्लाबगस सिंधी तथा परिचालक बुन्दुखान सोकतखान सिंधी, दोनों निवासी गंगाना सिंधी बस्ती, बोरानाडा, जोधपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह शराब ह्यबन्नाह्व नामक व्यक्ति द्वारा भेजी गई थी। पुलिस ने उसे वांछित घोषित कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में ऊंझा पुलिस थाने में मद्यनिषेध अधिनियम की विभिन्न धाराओं तथा बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच प्रारंभ कर दी गई है।

# पं. बंगाल में भाजपा सरकार बनने के बाद टीएमसी नेताओं के खिलाफ सामने आ रहा लोगों का गुस्सा

कोलकाता(एजेंसी) : पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने के बाद टीएमसी नेताओं के खिलाफ लोगों का गुस्सा सामने आ रहा है। कोलकाता में रविवार को गिरफ्तार टीएमसी पार्षद बप्पादित्य दासगुप्ता को कोर्ट ले जाते समय लोगों ने उनकी गाड़ी पर अंडे फेंके। वहीं, सोशल मीडिया पर दो और वीडियो वायरल हैं। एक हावड़ा का है, जिसमें पुलिस से बचने के लिए एक नेता साड़ियों के नीचे छिपा मिला। दूसरा वीडियो नवादा का है। इसमें कटमनी वसूल करने वाले एक नेता का लोगों ने पहले सिर मुंडवाया। फिर जूते-चप्पल की माला पहनाकर उसकी परेड निकाली। ये वीडियो भाजपा के स्थानीय नेताओं ने भी एक्स पर शेयर किए हैं।

रिश्वत लेने के आरोप में नेता का सिर मुंडवायानवादा में ग्रामीणों ने टीएमसी नेता सन्यासी मन्ना का सिर मुंडवाकर उन्हें जूतों की माला पहनाकर गांव में घुमाया। ग्रामीणों का आरोप है कि वह सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों से पैसे वसूलता था।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मन्ना को भीड़ से छुड़ाया। पुलिस ने कहा कि आरोपों की जांच की जाएगी। फिलहाल उनके खिलाफ कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं हुई है।

पार्षद की गाड़ी पर अंडे फेंके

कोलकाता में गिरफ्तार टीएमसी पार्षद बप्पादित्य दासगुप्ता को कोर्ट ले जाते समय लोगों ने उनकी गाड़ी पर अंडे फेंके। पाटुली थाने के बाहर भी उनके खिलाफ प्रदर्शन हुआ। कोलकाता नगर निगम के वार्ड-101 के पार्षद दासगुप्ता को शनिवार को उनके सहयोगी सौरव घोष के साथ गिरफ्तार किया गया था। दोनों पर रंगदारी, धमकी, जबरन घुसपैठ और आग लगाने की कोशिश समेत कई आरोप हैं। स्थानीय वकील परमिता डे ने शिकायत में आरोप लगाया है कि दासगुप्ता ने घर में लीगल चैंबर खोलने के लिए 20 लाख रुपए मांगे थे।टीएमसी नेताओं के खिलाफ विरोध की घटनाएंटीएमसी नेताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। 30 मई को सोनारपुर दक्षिण में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी से मारपीट हुई। लोगों ने उन पर पत्थर, जूते और अंडे फेंके, उनकी शर्ट फाड़ दी। अभिषेक को हेलमेट पहनाकर वहां से निकाला गया। 3 जून को कूचबिहार में टीएमसी नेता शाहिदुल मियां को भीड़ से बचने के लिए बिस्तर के नीचे छुपना पड़ा। पुलिस उन्हें सुरक्षित निकालकर थाने ले गई। 5 जून को कोलकाता के साल्ट लेक में गिरफ्तार टीएमसी उपाध्यक्ष जय प्रकाश मजूमदार को पुलिस जब एक फ्लैट पर लेकर गई, तब स्थानीय लोगों ने उनके खिलाफ नारेबाजी की और उनपर अंडे फेंके।

## सेल और भेल का छिन सकता है महारत्न दर्जा

नई दिल्ली(एजेंसी) : केंद्र सरकार ने दो बड़ी सरकारी कंपनियों - स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) को एक साल की ह्यवॉचलिस्टह्व में डाल दिया है। ये कंपनियां ह्यमहारत्नह्व का दर्जा बनाए रखने के लिए जरूरी मुख्य वित्तीय मानदंडों को पूरा करने में नाकाम रहीं। अगर ये दोनों सरकारी कंपनियां तय समय में अपने वित्तीय प्रदर्शन में सुधार नहीं कर पाती हैं, तो उन्हें ह्यनवरत्नह्व कंपनियों के दर्जे पर लाया जा सकता है। ह्यमहारत्नह्व का दर्जा शुरू होने के बाद से ऐसा पहली बार होगा।

दोनों कंपनियां पिछले तीन वर्षों के दौरान 5,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का औसत सालाना मुनाफा बनाए रखने की शर्त को पूरा करने में नाकाम रहीं। हालांकि, ये कंपनियां अन्य पात्रता शर्तों को पूरा करती हैं, जैसे कि 25,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का औसत सालाना टर्नओवर, 15,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की नेट वर्थ और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी मौजूदगी; लेकिन उनका मुनाफा तय बेंचमार्क से कम रहा है। कैबिनेट सेक्रेटरी टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता वाली एक समिति ने केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के प्रदर्शन की समीक्षा की और सेल और भेल को नोटिस में रखने की सिफारिश की।

## मानसून सत्र से पहले इंडिया गठबंधन की महा बैठक...

# डीएमके की दूरी और टीएमसी में असंतोष के बीच विपक्षी एकता की अग्निपरीक्षा

नई दिल्ली(एजेंसी) : मानसून सत्र से पहले परिसीमन का मुद्दा एक बार फिर राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में है। केंद्र सरकार द्वारा परिसीमन से जुड़ा नया विधेयक या संशोधित प्रस्ताव लाए जाने की अटकलों के बीच कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के सामने सबसे बड़ी चुनौती विपक्षी एकता और संसद में संख्या बल को बनाए रखने की है। परिसीमन केवल सीटों के पुनर्वितरण का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह 2029 के आम चुनाव से पहले देश के राजनीतिक शक्ति-संतुलन को प्रभावित करने वाला बड़ा मुद्दा बन चुका है। ऐसे में सोमवार की बैठक और मानसून सत्र से पहले का संख्या गणित कांग्रेस तथा इंडिया गठबंधन के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। इस बैठक में परिसीमन के खिलाफ विपक्ष ठोस नीति बनाएगा और सरकार के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाएगा।

बैठक में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा परिसीमन (डिलिमिटेशन) बिल होगा। मोदी सरकार संसद में इस बिल को आगे बढ़ाने की तैयारी कर रही है। संविधान संशोधन से जुड़े इस विधेयक को पारित कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी। विपक्ष की कोशिश होगी कि अप्रैल में संसद में दिखाई गई एकजुटता को दोहराया जाए, जब भाजपा आवश्यक संख्या जुटाने में सफल नहीं हो सकी थी। हालांकि विपक्ष के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। डीएमके कांग्रेस से नाराज है, जबकि बीजेपी पर तृणमूल कांग्रेस के सांसदों को अपने पाले में लाने की कोशिशों के आरोप लग रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी परीक्षा यह होगी कि वह बिखरते दिख रहे विपक्ष को एक मंच पर बनाए रख सके। देखना यह भी दिलचस्प होगा कि विजय की पार्टी टीवीके इसमें हिस्सा लेती है या नहीं।

भाजपा के खिलाफ संयुक्त रणनीति पर चर्चा संभव

विपक्षी गठबंधन इंडिया के बड़े नेता इस बैठक का मुख्य उद्देश्य भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ साझा रणनीति बनाना और विपक्षी एकता को मजबूत करना है। इसमें लगभग 15 विपक्षी दलों के प्रतिनिधि शामिल हो सकते हैं। यह बैठक हाल के विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद हो रही है। इन चुनावों में गठबंधन के दो मुख्य दल, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके को हार का सामना करना पड़ा है। ये दोनों दल क्रमशः पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में सत्ता से बाहर हो गए हैं। बैठक में टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) के उद्धव ठाकरे, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के शामिल होने की उम्मीद है। गठबंधन के समीकरणों में कुछ बड़े बदलाव भी देखने को मिल रहे हैं। कांग्रेस ने तमिलनाडु में डीएमके से नाता तोडकर टीवीके का साथ दिया है। इस वजह से डीएमके के बैठक में शामिल होने की संभावना कम है। अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली टीवीके को साथ लाने की कोशिशें जारी हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी ने पहले ही गठबंधन से सार्वजनिक रूप से दूरी बना ली है, इसलिए वह भी इस बैठक में हिस्सा नहीं लेगी।

दलों के बीच तालमेल बढ़ाने पर जोर

बैठक में विपक्षी दलों के बीच तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। ममता बनर्जी बंगाल में टीएमसी नेताओं पर हो रहे कथित हमलों का मुद्दा उठा सकती हैं और अन्य दलों का समर्थन मांग सकती हैं। इससे पहले गठबंधन की आखिरी आधिकारिक बैठक एक जून 2024 को लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हुई थी। इसके बाद सात अगस्त 2025 को राहुल गांधी ने अपने आवास पर एक खास डिनर दिया था। उस समय 25 से ज्यादा दलों के लगभग 50 नेताओं ने बिहार में मतदाता सूची में गड़बड़ी जैसे मुद्दों पर चर्चा की थी। विपक्षी दल संसद सत्रों के दौरान भी एकजुट रहे हैं। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए नोटिस लाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की है। हालिया चुनावी नतीजों ने विपक्ष को अपनी रणनीति पर फिर से विचार करने के लिए मजबूर किया है। इंडिया गठबंधन का गठन 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले हुआ था ताकि राष्ट्रीय स्तर पर एनडीए को चुनौती दी जा सके।

मोदी सरकार के खिलाफ रणनीति बनेगी

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने बैठक से पहले कहा कि केंद्र की उन नीतियों के खिलाफ विपक्ष की एकता दिखाने का समय आ गया है, जिनसे आम आदमी को नुकसान हो रहा है। गठबंधन की प्रमुख पार्टी कांग्रेस बैठक का समन्वय कर रही है। पश्चिम बंगाल में हालिया राजनीतिक हिंसा, नीट और सीबीएसई से संबंधित परीक्षा गड़बड़ी, बेरोजगारी, किसानों का भविष्य और आसन्न आर्थिक संकट जैसे कई मुद्दे समूह के एजेंडे में प्रमुखता से शामिल होने की उम्मीद है। इसके बाद, विभिन्न नीतिगत मुद्दों पर गठबंधन के विचारों को व्यक्त करने के लिए एक संयुक्त बयान जारी किया जा सकता है। यह गठबंधन बैठक टीएमसी द्वारा विधानसभा चुनाव हारने के बाद कथित तौर पर सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर हुई राजनीतिक हिंसा के आरोपों के कुछ दिनों बाद हो रही है। भाजपा का तर्क है कि यह 15 साल के टीएमसी शासन के दौरान पीड़ित मतदाताओं का आक्रोश था। पिछले कुछ दिनों में, गठबंधन के लगभग सभी सदस्यों ने पश्चिम बंगाल में हुई राजनीतिक हिंसा की आलोचना की है और 8 जून की बैठक में इस पर चर्चा होने की संभावना है।

पिछली वोटिंग में एकजुट था विपक्ष इससे पहले संसद में आए संबंधित संविधान संशोधन विधेयक के दौरान सरकार के पक्ष में 298 वोट पड़े थे, जबकि विपक्ष के 230 सांसदों ने इसके खिलाफ मतदान किया था। चूंकि यह संविधान संशोधन विधेयक था तो इस विधेयक को पारित कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता थी, इसलिए सरकार आवश्यक संख्या नहीं जुटा सकी और प्रस्ताव पारित नहीं हो पाया।



# हल्दी एवं अदरक प्रसंस्करण विधियां

**खुदाई करने से 2 दिन पूर्व खेत की हल्की सिंचाई कर दी जाती है और फिर जुताई करके अथवा दांतेदार यंत्र की मदद से खुदाई की जाती है। हल्दी के पूर्ण विकसित पंजे (क्लम्प) को बाहर निकाल लिया जाता है। फिर इस पंजे में लगी मिट्टी एवं रेशे वाली जड़ों को हंसिया या चाकू की मदद से काटकर हटा दिया जाता है।**

हल्दी की फसल की खुदाई पौधों में लगी हुई पत्तियों के सूखकर गिर जाने पर की जाती है। खुदाई करने से 2 दिन पूर्व खेत की हल्की सिंचाई कर दी जाती है और फिर जुताई करके अथवा दांतेदार यंत्र (डिगिंग फोर्क) की मदद से खुदाई की जाती है। हल्दी के पूर्ण विकसित पंजे (क्लम्प) को बाहर निकाल लिया जाता है। फिर इस पंजे में लगी मिट्टी एवं रेशे वाली जड़ों को हंसिया या चाकू की मदद से काटकर हटा दिया जाता है। हल्दी के पंजे में दो प्रकार की गांठे मिलती हैं-

- पंजे के मध्य में एक ज्यादा मोटी एवं सख्त गांठ जिसका आकार ढ़ोलक जैसा होता है इसे मातृ प्रकंद कहते हैं और
- पतली उंगलियों जैसी 8 से 15 तक प्रकंद, जिनको पुत्री प्रकंद कहते हैं। खुदाई के तुरंत बाद इन दोनों प्रकार की गांठों को अलग-अलग कर लिया जाता है। मातृ प्रकंद का उपयोग सामान्यतः अगली फसल की बुवाई के लिए किया जाता है। बुवाई से अधिक मात्रा होने पर इसका अलग से प्रसंस्करण करते हैं। पुत्री प्रकंद को भी बोने के लिए भंडारित किया जाता है और अतिरिक्त मात्रा को प्रसंस्कृत किया जाता है।

## हल्दी का प्रसंस्करण

हल्दी के मातृ एवं पुत्री प्रकंदों का प्रसंस्करण चार अवस्थाओं में पूर्ण किया जाता है।

## उबालना

हल्दी के प्रकंदों को उबालने के लिये मिट्टी के बर्तन अथवा लोहे के बड़े व कम गहरे बर्तनों का प्रयोग किया जाता है। यदि गुड़ बनाने वाली उथली कड़ाही हो तो उसका भी प्रयोग किया जा सकता है। इस बर्तन में हल्दी रखने के बाद इसमें पानी भरा जाता है जिससे कि सभी प्रकंद अच्छी तरह से डूब जायें। इसके बाद हल्दी की पत्तियों की एक मोटी परत से प्रकंद को ढंक दिया जाता है।

इसमें चूने का पानी या सोडियम बाई-कार्बोनेट या सोडियम कार्बोनेट का घोल मिलाने से तैयार हल्दी का रंग आकर्षक पीला बनता है। अब हल्दी को उबालने की क्रिया प्रारंभ की जाती है। हल्दी को धीमी आंच में तब तक उबाला जाता है जब तक कि उसमें झाग और हल्दी की खुशबू न आने लगे। बीच-बीच में दो-चार प्रकंदों को बाहर निकालकर उनको उंगलियों से दबाकर उनके मुलायम हो जाने की परीक्षा की जाती रहती है। जब प्रकंद मुलायम होकर उंगलियों से दबने लगे, तब उबालने की क्रिया बंद कर दें।

## सुखाना

हल्दी के उबले हुए प्रकंदों को पानी से बाहर निकालकर पतली परतों से पक्के फर्श में फैलाकर सूर्य ताप में सुखाएं। सामान्यतः उबली हुयी गांठों के सूखने में 7 से 10 दिन लग जाते हैं। सूखने पर प्रकंद सख्त और कड़क हो जाते हैं जिनको तोड़ने पर एक धात्विक आवाज आती है।

## छिलके उतारना

अब इन सूखे हुये प्रकंदों के ऊपरी सतह में लगे छिलकों को कठोर फर्श में रगड़ कर या बांस से बनी चटाई या टोकनी में रगड़कर हटाया जाता है। ऐसा करने से प्रकंद चिकने, साफ और जड़ रहित हो जाते हैं। हल्दी की मात्रा अधिक होने पर छिलके उतारने का कार्य मशीन द्वारा किया जाता है।



## प्रकंदों को रंगना

छिलका उतारी गयी सूखी हल्दी को रंगने का कार्य उपभोक्ताओं को आकृष्ट करने के लिए किया जाता है। रंगने का कार्य बांस की टोकनी में सूखी हल्दी को रखकर धीरे-धीरे उसमें रंगने का मिश्रण मिलाते एवं हिलाते हुए किया जाता है। ऐसा करने से हल्दी अच्छी दिखने लगती है। 1000 किग्रा हल्दी को रंगने के लिए फिटकरी (एलम) 40 मिग्रा, हल्दी चूर्ण 2 किग्रा, अरंडी का तेल 140 मिली, सोडियम बाई सल्फाइड 30 ग्राम एवं सान्द्र हाईड्रोक्लोरिक अथवा सान्द्र सल्फ्यूरिक अम्ल 30 मिली का प्रयोग किया जाता है।

**मिश्रित मछली पालन अपनाने पर परम्परागत तरीके के प्रयोग से मिलने वाले उत्पादन की अपेक्षा 10-12 गुना अधिक मत्स्य उत्पादन मिलता है। इस विधि में तलाबों में विभिन्न आहार वाली अच्छी किस्म में कार्प प्रजातियों के मछली बीज उचित अनुपात एवं वजन मे संचयन कर जैविक एवं रसायनिक खाद का उचित मात्रा में प्रयोग किया जाता है तथा परिपूरक आहार भी दिया जाता है।**



# मत्स्य पालन से बढ़ेगा मुनाफा

## मत्स्य उत्पादन के संसाधन

प्रदेश में मछली पालन के लिये कुल 1.589 लाख है। जलक्षेत्र उपलब्ध है। जिसमें अब तक कुल 1.432 लाख है। जलक्षेत्र विकसित किया जा चुका है। इसमें ग्रामीण तालाबों के कुल जलक्षेत्र 0.735 लाख है। जलक्षेत्र में से 0.636 लाख है। जलक्षेत्र का विकास कर मत्स्य पालन के अंतर्गत लाया जा चुका है।

## मिश्रित मछली पालन

मिश्रित मछली पालन व्यवसाय,बेरोजगार युवकों के लिये आर्थिक स्थिति में सुधार करने हेतु एक महत्वपूर्ण साधन है। मिश्रित मछली पालन अपनाने पर परम्परागत तरीके के प्रयोग से मिलने वाले उत्पादन की अपेक्षा 10-12 गुना अधिक मत्स्य उत्पादन मिलता है। इस विधि में तलाबों में विभिन्न आहार वाली अच्छी किस्म में कार्प प्रजातियों के मछली बीज उचित अनुपात एवं वजन मे संचयन कर जैविक एवं रसायनिक खाद का उचित मात्रा में प्रयोग किया जाता है तथा परिपूरक आहार भी दिया जाता है। सामान्यतः मिश्रित मछली पालन में पाली जाने वाली प्रजातियां कतला, राहू, मृगल, कामनकार्प, ग्रास कार्प, सिल्वर कार्प है। वर्तमान में मिश्रित मछली पालन ग्राम पंचायतों के तालाबों में किया जा रहा है। परंतु खाद एवं परिपूरक आहार न देने के कारण उत्पादन में समुचित वृद्धि नहीं हो रही है। अतः स्वयं की भूमि में तालाब निर्माण कराकर व उनमें, मिश्रित मछली पालन कर, लगभग 6000-8000 किग्रा/हेक्टर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। प्रदेश में वर्ष 2007-2008 तक स्वयं की भूमि में नवीन तालाब कुल 1834 तालाब जलक्षेत्र 1240.51 हेक्टर का निर्माण कर मिश्रित मछली पालन आधुनिक तरीके से किया जा रहा है।

## एकीकृत मछली पालन

एकीकृत मछली पालन का पालन का आशय मछली पालन के साथ-साथ दूसरे उत्पादन जैसे बतख पालन, मुर्गीपालन, सूकर पालन एवं कृषि बागवानी के साथ समन्वयन से है। मिश्रित मछली पालन में जैविक एवं रसायनिक खाद तथा परिपूरक आहार के प्रयोग से अधिक उत्पादन के साथ-साथ उत्पादन मूल्य भी बढ़ जाता है। इस आर्थिक समस्या के समाधान के मछली पालन को विभिन्न इकाईयों जैसे- मुर्गी, बतख, कृषि बागवानी, मवेशी पालन के साथ जोड़ने की व्यवस्था की जाती है। जिससे कृषकों को मछली पालन से आय के साथ-साथ अन्य उत्पादों के समन्वयन से अतिरिक्त आय मिलती है। इस अंतरबद्धता के कारण मवेशी पालन, बागवानी या कृषि से परित्यक्त पदार्थो का उपयोग मछलियों के लिए परिपूरक आहार या खाद के रूप में उपयोग होता है तथा दूसरी ओर तालाब के जल तथा उसके बंध और मछली पालन से उत्पन्न व्यर्थ पदार्थो का उपयोग कृषि एवं मछली पालन में किया जाता है। ऐसी व्यवस्था से लागत खर्च में काफी कमी आ जाती है।

वर्तमान में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में वर्ष 2008-09 तक कुल 3552 एकीकृत मत्स्य पालन की इकाईयां स्थापित की जा चुकी हैं। जिसमें बतख सह मछली पालन की 1101 इकाईयां स्थापित की गई है। इसी तरह मुर्गी सह मछली पालन की 881 इकाईयां, सूकर सह मछली पालन की 222, फलोद्यान सह मछली पालन की 424, डेयरी सह मछली पालन की 272, धान सह मछली पालन की 446, एवं बकरी सह मछली पालन की 206 इकाईयां स्थापित की जा चुकी है। मत्स्य कृषकों के रूझान को देखते हुए बतख सह मछली पालन एवं मुर्गी सह मछली पालन एवं फलोद्यान सह मछली पालन छत्तीसगढ़ में



सबसे अधिक उपयोगी पाया गया है। एकीकृत मत्स्य पालन के अंतर्गत बतख सह मछली पालन से प्रोटीन उत्पादन के साथ-साथ बतखों के मलमूत्र का उचित उपयोग होता है। बतख सह मछली पालन में प्रति हेक्टर 1 वर्ष में 400 किग्रा मछली, बतख से 15000 अण्डे तथा 500 किग्रा बतख के मांस का उत्पादन किया जा सकता है। इस प्रकार से मछली पालन में न तो जलक्षेत्र मे कोई खाद, उर्वरक डालने की आवश्यकता है और न ही मछलियों को पूरक आहार देने की आवश्यकता है। मछली पालन पर लगने वाली लागत में 50-60 प्रतिशत की कमी हो जाती है। पाली जाने वाली मछलियां एवं बतख एक दूसरे के अनुपूरक होती है। बतखें पोखर के कीड़े, मकोड़े, टेडपोल, घोंघे, जलीय वनस्पति पर नियंत्रण रखती है। बतखों को अपने भोजन का 50 प्रतिशत भाग जलक्षेत्र से ही प्राप्त हो जाता है। तालाब में बतख के तैरते रहने से वायुमंडल की आक्सीजन पानी भी मिलती रहती है। इसी प्रकार बतख सह मछली पालन से तालाब में अतिरिक्त खाद डालने की आवश्यकता नहीं पड़ती है एवं बतखों को साफ सुरक्षित परिवेश एवं उत्तम प्राकृतिक भोजन भी उपलब्ध हो जाता है। प्रति हेक्टर 200-300 नग बतख रखना पर्याप्त होता है।

मुर्गी पालन में भी पोल्ट्री लीटर को पोखर में खाद के रूप में डाला जाता है। मुर्गी सह मछली पालन से प्रति हेक्टर वर्ष 60,000 अंडे, 500-600 किग्रा, मुर्गी का मांस तथा 3500 किग्रा मछलियों का उत्पादन किया जाता है। 1 हेक्टेयर के लिए 500 मुर्गियां रखना पर्याप्त होता है। एकीकृत मछली सह मुर्गी पालन में मछली, मुर्गी के अण्डे तथा मांस की प्राप्ति से अधिक आय होती है तथा तालाबों में मछलियों के लिये अतिरिक्त फीड देने की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि मुर्गियों द्वारा विसर्जित व्यर्थ पदार्थो में पाये जाने वाले नाइट्रोजिनस पदार्थो से इसकी पूर्ति हो जाती है। फलोद्यान सह मछली पालन में तालाब के मेढ पर अरहर, टमाटर, कुंदरू, तेल युक्त सब्जियां, पपीता, भांटा, मिर्च, लौकी, फूलों के पौधे आदि लगाये जा सकते हैं जिससे किसान सम्पूर्ण क्षेत्र का समुचित उपयोग कर अतिरिक्त आय कमा सकते हैं।



# ... तो खास होगी पुदीना की फसल

**काला कीट : पुदीना की बेहतर फसल लेने के लिए कीटों को पहचानना और उन्हें नियंत्रित करना बेहद जरूरी है. प्रमुख कीट और उनका नियंत्रण उपाय**

यह काले रंग का बीटल होता है। विकसित कीट 5-7 मिलीमीटर लम्बा होता है। पोदीने के जब केवल 5-7 पत्तियाँ निकली होती है तो यह कीट उनकी सभी पत्तियों को काटकर खा जाता है। मैलाथियान 300 से 500 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर की दर से पानी में घोल बनाकर छिड़काव

## सफेद मक्खी

यह पौधों की निचली पत्तियों पर नीचे की सतह पर रहती है। वह पौधों से रच चूसती है तथा कीट विभिन्न प्रकार के विषाणु भी एक पौधे से दूसरे पौधे में पहुंचाते हैं।

## नियंत्रण

फास्फोमिडान 200 से 400 मिली या मैलाथियान 300 से 500 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर की दर से पानी में

## सेमीलूपर

सूंडी पत्तियों को काटकर खाती है और गोल या टेढा छेद बनाती है।

## नियंत्रण

मैलाथियान 200 से 500 मिलीलीटर या क्विनालफास 300 से 500 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर की दर से घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिये।

## लेस बग

यह कीट भूरे-काले रंग के होते है जिनके पंखों पर स्पष्ट रोंयें और जाल की तरह निशान बना होता है। जिसके कारण इसे लेस बग के नाम से जाना जाता है कीट का प्रौढ़ और शिशु पोदीने की कोमल पत्तियों के रस को चूसते हैं जिससे पत्तियों का रंग पीला पड़ने लगता है। ये कीट काले रंग का पदार्थ अपने शरीर से निकालते है। जिससे पत्तियाँ दूर से जली हुयी दिखाई देती है। इसके प्रकोप से बढ़वार रूक जाती है और उत्पादन

## नियंत्रण

डायमिथियेट 300-500 मिलीलीटर का घोल बनाकर छिड़काव करने से फसल को बचाया जा सकता है।

## माहू

कीट कोमल तनों और ऊपरी निकलने वाली पत्तियों के पास लगकर रस चूसते है। इससे पोदीने का पौधा धीरे-धीरे कमजोर हो जाता है। कभी पोदीने में झुलसा रोग भी इस कीट के कारण फैलता है।

